अध्ययन मण्डल

अध्यक्ष **संयोजक**
कुलपति **निदेशक समाज विज्ञान विद्याशाखा**
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी
1.प्रो0 अरविंद के जोशी, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)
2.प्रो0 बी.मोहन कुमार, जी.बी.पंत कृषि व प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखण्ड

पाठ्यक्रम समन्वयक

डॉ0 दीपक पालीवाल, सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

इकाई लेखन — इकाई संख्या

Ms.Shalini Chaudhary UOU Haldwani	1,3
Dr.Naveen Joshi, Wildlife Institute of India, Dehradun Uttrakhand	2,4
Dr.A.K. Mishra, National Center for good Governance, AR&PG, Government of India Cozy Noojk, Charlie Villa Road, Mussoorie & Dr. Khimanand Balodi, Doon University Dehradun	5,6
Dr. Pankaj Tiwari	7
Translation of Units: Punit Chaturvedi	5,6,7

संपादन

डॉ0 दीपक पालीवाल, सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

कापीराइट @ उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

प्रकाशन वर्ष- 2020

प्रकाशन- उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी- 263139

सर्वाधिक सुरक्षित। इस प्रकाशन का कोई भी अंश उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की लिखित अनुमति लिए बिना मिमियोग्राफ अथवा किसी अन्य साधन से पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,
हल्द्वानी MASO-604

पहाड़ी क्षेत्र में सतत विकास-I

Sustainable Development in Hill Area-I

Block I	**Introduction to Sustainable Development**	
Unit 1:	**Changing conception of Development: Economic-Human-Social-Sustainable development linkages** विकास की बदलती अवधारणा-सतत विकास-सामाजिक -आर्थिक- : मानव - संबंध	पृष्ठ–1–18
Unit 2:	**Sustainable Development principles** सतत विकास के सिद्धांत	पृष्ठ–19–42
Unit 3:	**Sustainable Development Parameters: Measuring Progress and Success** सतत विकास मापदंडप्रगति और सफलता मापन -:)	पृष्ठ–43–50
Block II	**Environment and Development**	
Unit 4:	**Environmental Issues: Meaning and Concepts** पर्यावरणीय मुद्दे: अर्थ और अवधारणाए	पृष्ठ–51–69
Unit 5:	**Environment and Development: Mapping different approaches** पर्यावरण एवं विकासः सततता के विभिन्न दृष्टिकोणों का प्रारूप	पृष्ठ–70–85
Unit 6:	**Development induced displacement and its Impact** कास प्रेरित विस्थापन के कारण, परिणाम और चुनौतियां	पृष्ठ–86–98
Unit 7:	**Environmental Management: Land, water, forests** पर्यावरणीय प्रबंधनः भूमि, जल एवं वन	पृष्ठ–99–116

इकाई 1

विकास की बदलती अवधारणा: -आर्थिक- सामाजिक-सतत विकास-मानव- संबंध

इकाई संरचना

1.1 प्रस्तावना
1.2 उद्देश्य
1.3 विकास की बदलती अवधारणा
1.4 मानव विकास
1.4.1 मानव विकास का अवधारणा
1.4.2 मानव विकास की आवश्यकता
1.4.3 मानव विकास के संघटक
1.4.4 मानव विकास का मापन
1.4.4.1 मानव विकास सूचकांक
1.4.4.2 मानव विकास सूचकांक बनाने की प्रक्रिया
1.5 सारांश
1.6 शब्दावली
1.7 अभ्यास हेतु प्रश्न व उनके उत्तर
1.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची
1.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1.1 प्रस्तावना:-

आज के प्रगतिशील युग में 'विकास' प्रत्येश देश के लिए बहुचर्चित विषय बन गया है और प्रत्येक राष्ट्र विकास की इस दौड़ में दूसरों से आगे निकलने के लिए निरन्तर प्रयासरत् है। आप जानते हैं कि किसी भी राष्ट्र के विकास में मानवीय गुणों, सामाजिक प्रकृतियाँ, आर्थिक व राजनैतिक परिस्थितियाँ और ऐतिहासिक संयोग महत्वपूर्ण कारक है। जिसमें मानव सबसे महत्वपूर्ण कारक है, जोकि अन्य सभी संसाधनों को गतिशील बनाकर उपयोगी बनाना है। जिस देश में जितना उन्नत मानव एवं सतत विकास होता है, उस देश में विकास भी उतनी ही तीव्र गति से होता है। प्रस्तुत इकाई में विकास के संदर्भ में बदलती अवधारणा को प्रस्तुत किया गया है।

1.2 उद्देश्य:-

प्रस्तुत इकाई के अध्ययन से आप

- विकास की बदलती हुई विभिन्न अवधारणाओं व मानदण्डों को समझा सकेंगे।
- विकास की प्रतिष्ठित और आधुनिक विचारधारा को समझ सकेंगे।

- किसी देश के विकास हेतु मानव और सतत विकास की भूमिका को जान सकेंगे।
- किसी भी देश के लिए मानव विकास सूचकांक का निर्माण कर सकेंगे।

1.3 विकास की बदलती अवधारणा:-

आप जानते हैं कि संकुचित अर्थ में, किसी देश की अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में उत्पादकता के स्तर को बढ़ाना ही आर्थिक विकास है, जबकि विस्तृत अर्थ में, आर्थिक विकास से तात्पर्य किसी की राष्ट्रीय आय में वृद्धि करके, निर्धनता को दूर करना तथा सामान्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार करने से है। जैसा कि आपको अवगत ही हैं कि आर्थिक विकास के मापन के विचारों को भी प्रतिष्ठित एवं आधुनिक निम्न दो मुख्य भागों में बाँटा जा सकता है-



विकास की प्रतिष्ठित विचारधारा:- आर्थिक विकास के मापदण्डों के लिए प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों के विचार भी प्रायः भिन्न थे। जहाँ **वाणिज्यवादी**, किसी भी देश के सोने व चाँदी के कोष को ही आर्थिक विकास का मापक मानते थे। वहीं एडम् स्मिथ व उनके समकालीन अर्थशास्त्रियों ने किसी देश में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं को ही आर्थिक विकास का मापक माना था, क्योंकि **एडम् स्मिथ** के अनुसार किसी भी देश की शक्ति का ज्ञान, उस देश की उत्पादन शक्ति, श्रम की दिशा, निवासियों में तकनीकि का ज्ञान एवं विशिष्टिकीरण की मात्रा से होता है। **थामर्स राबर्ट माल्थस** ने धन वृद्धि को ही आर्थिक विकास का मापदण्ड माना। **रिकार्डो** ने अपनी पुस्तक Principles of Political Economy and Taxation (1817) में अपनी तर्कशक्ति का प्रयोग करके प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों के विचारों के साथ

आय वितरण के पहलू को जोड़कर नया रुप प्रदान किया। जहाँ **जे.एस. मिल**, आर्थिक विकास को उत्पादन साधनों का फलन मानते थे जिसमे श्रम व भूमि, उत्पादन के दो महत्त्वपूर्ण कारक हैं। वहीं **कार्ल मार्क्स** ने समाजवाद को ही आर्थिक विकास का मापदण्ड माना। **शुम्पीटर** ने आर्थिक विकास के प्रमुख साधन के रुप में स्फीतिकारी वित्त तथा नव प्रवर्तनों को महत्त्वपूर्ण माना। **कीन्स** ने आर्थिक विकास में अनेक उपकरणों जैसे: प्रभावपूर्ण माँग, गुणक, उपभोग व बचत प्रवृत्ति व पूँजी की सीमान्त उत्पादकता व ब्याज दर की भूमिका को बताया जिसका प्रयोग आर्थिक विकास के आधुनिक विचारों व सिद्धान्तों में किया गया।

विकास की आधुनिक विचारधारा:- प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों की भाँति ही आधुनिक अर्थशास्त्रियों ने भी किसी एक आयाम को ही आर्थिक विकास का मापदण्ड नहीं माना। मायर व वाल्डविन, लुईस, यंगसन, कुजनेट, श्रीमती उर्सुला हिक्स, सैमुएलसन, पीगू, विलियमसन व बटरिक व प्रो. डी. ब्राइट सिंह जैसे विकासवादी अर्थशास्त्रियों ने किसी देश की **कुल वास्तविक आय** में वृद्धि को ही विकास का मापदण्ड माना था। उनके अनुसार "**आर्थिक विकास को समय की दीर्घावधि में अर्थव्यवस्था की वास्तविक राष्ट्रीय आय में वृद्धि के रुप में मापा जाए।**"

वहीं प्रो. पॉल ए. बरन व एन.एस. बुकैनन तथा ई. एलिस जैसे अर्थशास्त्रियों ने लम्बी अवधि में **प्रति व्यक्ति वास्तविक आय** में वृद्धि को विकास माना। उनके अनुसार, आर्थिक विकास के लिए वास्तविक आय में वृद्धि की दर जनसंख्या में वृद्धि की दर से अधिक होनी चाहिए।

विकास की आर्थिक कल्याण संबंधित विचारधारा:- इसके उपरान्त् ओकुन व रिचर्ड्सन ने किसी देश के बढ़ते हुए उपभोग व जीवन स्तर अर्थात् **आर्थिक कल्याण** को ही विकास का अभिसूचक माना। उनके अनुसार विकास **"भौतिक समृद्धि में ऐसा अनवरत् दीर्घकालीन सुधार है जोकि वस्तुओं और सेवाओं के बढ़ते हुए प्रवाह में प्रतिबिम्बित समझा जा सकता है।"**

विकास की सामाजिक एवं मूलभूत आवश्यकता संबंधित विचारधारा:-1960 के दशक में, अर्थशास्त्रिगण कल्याण के वैकल्पिक मानदण्ड मालूम करने के कोशिश करते रहे, जिससे लोगों के जीवन-यापन के स्तर में आने वाले परिवर्तनों को प्रकट कर सके। इन व्यापक सूचकांकों का निर्माण करने के लिए भारित ज्यामितीय व अंकगणित रीति का प्रयोग किया गया। 1962 में **एवरेट ई. हैगन** ने 11 सामाजिक व व्यक्तिगत सूचकों का प्रयोग किया। वहीं **डोनाल्ड एच. नीवैरोस्की** ने 14 सूचकों का प्रयोग किया। **इर्मा एडलमैन** और **सिन्थिया टाफ्ट मॉरिस** ने 40 सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक तत्वों पर आधारित सूचकांक 1967 में तैयार किया। पहली बार 1970 में संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास अनुसंधान संस्था ने 16 सामाजिक व आर्थिक सूचकों का अध्ययन किया। **हिक्स और स्ट्रीटन** ने सन् 1979 में स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य, जल आपूर्ति, स्वच्छता व आवास जैसी 06 मूलभूत आवश्यकताओं का एक सूचकांक तैयार किया। इसी वर्ष में **मॉरिस डी. मॉरिस** ने विकास को मापने के लिए **"जीवन की भौतिक गुणवत्ता सूचक"** तैयार किया, जोकि प्रत्याशित आयु, शिशु मृत्यु दर व साक्षरता पर आधारित है।

विकास की सतत विकास संबंधित विचारधारा:- सतत विकास अथवा टिकाऊ विकास (Sustainable Development), विकास की वह अवधारणा है 1987 में प्रस्तुत की गई जिसमें विकास की नीतियां बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाता है कि मानव की न केवल वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति हो, वरन् अनन्त काल मानव की आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो सके। इसमें प्राकृतिक पर्यावरण की सुरक्षा पर विशेष बल दिया जाता है। इस विचार धारा को अगली इकाई में विस्तार से समझाया गया है।

विकास की मानव विकास संबंधित विचारधारा:-

सर्वप्रथम मानव विकास सूचकांक **महबूब-उल-हक** के निर्देशन में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा 1990 में तैयार किया गया था। इसके उपरान्त् अनेक अर्थशास्त्रियों का ध्यान मानव विकास की ओर आकर्षित हुआ। और तभी से सभी देशों के आर्थिक विकास का मापन मानव विकास सूचकांक के माध्यम से किया जा रहा है। अब यह प्रश्न उठता है कि मानव विकास क्या है?

1.4.1 मानव विकास की अवधारणा

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की 1997 की मानव विकास रिपोर्ट में मानव विकास की अवधारणा की व्याख्या करते हुए लिखा गया है कि, **''यह वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा जनसामान्य के विकल्पों का विस्तार किया जाता है और इनके द्वारा उनके कल्याण के उन्नत स्तर को प्राप्त किया जाता है। यही मानव विकास की धारणा का मूल है। ऐसे सिद्धान्त न तो सीमाबद्ध होते हैं और न ही स्थैतिक, परन्तु विकास के स्तर को दृष्टि में रखते हुए जनसामान्य के पास तीन विकल्प हैं - एक लम्बा और स्वस्थ जीवन व्यतीत करना, ज्ञान प्राप्त करना और अच्छा जीवन स्तर प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधनों तक अपनी पहुँच बढ़ाना। कई और विकल्प भी हैं जिन्हें बहुत से लोग महत्त्वपूर्ण मानते हैं। इनमें उल्लेखनीय हैं- राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक स्वतंत्रता से सृजनात्मक और उत्पादक बनने के अवसर और स्वाभिमान एवं गारन्टीकृत मानव अधिकारों का लाभ उठाना।''**

प्रायः यह माना जाता है कि किसी भी मानव की आय में वृद्धि होने से उसमें सभी विकल्पों का विस्तार हो जाता है, लेकिन आय के असमान वितरण व शासकों द्वारा कुछ राजनैतिक, सामाजिक व आर्थिक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के कारण लोगों की आय में विस्तार से लोगों के सामने विकल्पों का विस्तार नहीं होता है।

महबूब-उल-हक कहते हैं कि, **''यदि समाज यह नहीं समझता कि उनका वास्तविक धन उनके लोग हैं, तो भौतिक धन के निर्माण के बारे में अत्यधिक लगाव मानव जीवन को समृद्ध बनाने के लक्ष्य को धुँधला कर देता है।''** अतः मानव विकास लोगों के सभी जरुरी विकल्पों में विस्तार के साथ-साथ प्राप्त होने वाले कल्याण के स्तर को ऊँचा करने की प्रक्रिया है।

1.4.2 मानव विकास की आवश्यकता:-

अब यह प्रश्न उठता है कि किसी भीदेश के आर्थिक विकास लिये मानव विकास क्यों आवश्यक है?

पॉल स्ट्रीटन ने मानव विकास की आवश्यकताओं पर प्रकाश डालते हुए छः कारणों का वर्णन किया है, जो यह स्पष्ट करते हैं कि मानव विकास आवश्यक क्यों है?

- ✓ उनके अनुसार मानव विकास उद्देश्य है, जबकि आर्थिक संवृद्धि मानव विकास का साधन मात्र है, क्योंकि आर्थिक विकास की सम्पूर्ण प्रक्रिया का अन्तिम उद्देश्य स्त्रियों, पुरुषों और बच्चों की वर्तमान व भावी पीढ़ियों को लक्ष्य के रुप में देखना है। इसके साथ-साथ मानव की स्थितियों में सुधार करके लोगों के सभी विकल्पों में विस्तार करना है।
- ✓ किसी भी देश में ऊँची उत्पादकता को प्राप्त करने का एक महत्त्वपूर्ण साधन मानव विकास है। आप सभी भलीभाँति जानते हैं कि किसी देश में समपोषित, स्वस्थ, शिक्षित, कुशल व सतर्क श्रम शक्ति सबसे महत्त्वपूर्ण उत्पादक परिसम्पत्ति है। अतः सभी देशों में मानव के पोषण, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा में उचित निवेश के द्वारा उत्पादकता का उचित आधर तैयार किया जाता है।
- ✓ मानव विकास, मानव पुनरुपादन को धीमा करके परिवार के आकार को छोटा करने में सहायता पहुंचाता है। जिससे जनसंख्या के नकारात्मक प्रभावों को कम करे सकारात्मक प्रभावों में बदलना सम्भव होता है, क्योंकि शिक्षा के स्तर में सुधार से लोगों में छोटे परिवार के फायदों के प्रति चेतना पैदा होती है और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के परिणामस्वरुप बाल मृत्यु दर में कमी आती है। इसका प्रभाव यह पड़ता है कि लोग ज्यादा बच्चों की जरुरत महसूस नहीं करते हैं।
- ✓ मानव विकास, भौतिक पर्यावरण की दृष्टि से भी आवश्यक है, क्योंकि मानव विकास के परिणामस्वरुप देश में गरीबों की संख्या में भी कमी आती है। इससे वनों के विनाश, रेगिस्तान के विस्तार और भूसंरक्षण में भी कमी आती है। परम्परागत अर्थशास्त्रियों का मत था कि किसी देश में बढ़ती जनसंख्या व उसके बढ़ते घनत्व का पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, लेकिन लोगों का भूमि पर अधिकार सुरक्षित करके,इस बढ़ती जनसंख्या व ऊँचे जनसंख्या घनत्व से मिट्टी व वनों का संरक्षण किया जा सकता है।
- ✓ मानव विकस से गरीबी में कमी होती है तो एक स्वस्थ समाज के गठन, लोकतंत्र के निर्माण और सामाजिक स्थिरता में सहायता मिलती है।
- ✓ मानव विकास से सामाजिक उपद्रवों में कमी आती है जिससे देश में राजनीतिक स्थिरता बनी रहती है।

अतः आपको अब स्पष्ट हो गया होगा की किसी भी राष्ट्र के सम्पूर्ण विकास हेतु मानव विकास आवश्यक है, क्योंकि मानव विकास प्रतिमान में न केवल किसी देश की अर्थव्यवथा अपितु राजनीतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक कारकों को भी महत्त्व दिया जाता है।

1.4.3 मानव विकास के संघटक:-

आप जानते हैं कि आर्थिक विकास की आधुनिक परिभाषा का सम्बन्ध अच्छे मानवीय जीवन से है तो अब प्रश्न यह उठता है कि एक अच्छे जीवन के संघटक कौन-कौन से हैं?

मानव जीवन के संघठकों के बारे में अलग-अलग अर्थशास्त्रिगण अलग-अलग संघठकों पर बल देते हैं। जहाँ महबूब-उल-हक ने मानव विकास प्रतिमान के लिए औचित्य, सामर्थ्यता, उत्पादकता और सशक्तिकरण चार अनिवार्य संघटक बताये थे। वहीं डेनिस गॉलिट व अन्य अर्थशास्त्रियों ने जीवन निर्वाह, आत्म-सम्मान व स्वतंत्रता संगठनों की महत्त्वपूर्ण संघठक माना। विभिन्न अर्थशास्त्रियों के द्वारा बताये गये मानव विकास के संघटकों को निम्न प्रकार दर्शाया जा सकता है-



1.औचित्य:- महबूब-उल-हक ने मानव विकास के लिए अनिवार्य तत्वों की व्याख्या करते समय सर्वप्रथम औचित्य तत्व का वर्णन किया है। अब प्रश्न यह उठता है कि आखिरकार औचित्य से तात्पर्य क्या है? उनके अनुसार यदि आर्थिक विकास द्वारा लोगों के विकल्पों का विस्तार होता है तो उनकी सभी अवसरों तक न्यायोचित पहुँच होनी चाहिए। इसे ही औचित्य कहा गया। यदि कोई देश मानव विकास हेतु अपने देश के नागरिको का सभी आवश्यक विकल्पों तक पहुँच को न्यायोचित बनाना चाहता है तो उसे समाज में व्यापत सामर्थ्य के आधारभूत करकों का पुनर्गठन करना चाहिए। इसके लिए निम्नलिखित दिशा में परिवर्तन करने चाहिए।

- ✓ पहला, उत्पादक परिसम्पत्तियों के वितरण में परिवर्तन करना चाहिए। यह परिवर्तन विशेष रुप से भूमि सुधारों द्वारा किया जा सकता है।
- ✓ दूसरा, आय के वितरण में परिवर्तन करना चाहिए। इसके लिए राजकोषीय नीति को एक महत्त्वपूर्ण उपकरण के रुप में प्रयोग किया जाना चाहिए, जिसके द्वारा आय का अतंरण अमीरों से गरीबों कीओर होगा।

- ✓ तीसरा, साख प्रणाली में परिवर्तन करना चाहिए। साख प्रणाली में परिवर्तन इस प्रकार से होना चाहिए, जिससे गरीबों की ऋण सम्बन्धी आवश्यकताओं को सन्तोषपूर्ण ढंग से पूरी की जा सके।
- ✓ चौथा, राजनीतिक अवसरों में इस प्रकार परिवर्तन करना चाहिए, जिसके द्वारा इसमें समानता लायी जा सके। इसके लिए वोट सम्बन्धित अधिकारों में सुधार होना चाहिए व इससे साथ राजनीतिक शक्तियों का विकेन्द्रीकरण किया जाना चाहिए।
- ✓ पाचवाँ, मानव विकास में सामाजिक व वैधानिक बाधायें भी महत्त्वपूर्ण बाधा हैं। अतः इन्हें दूर करने के प्रयास किये जाने चाहिए, क्योंकि ये महिलाओं और अल्पसंख्यक वर्गों के लोगों की महत्त्वपूर्ण आर्थिक व राजनीतिक अवसरों तक पहुँच को सीमित करती है।

2.सामर्थ्यता:- जैसा कि आप सभी जानते हैं कि सामर्थ्यता की संकल्पना को प्राकृतिक संसाधनों के नवीनीकरण के रुप में देखा व समझा जाता है, जबकि यहसामर्थ्य विकास का केवल एक पहलू मात्र है। जिसमें वर्तमान पीढ़ी को प्राप्त सभी अवसर हमारी भावी पीढ़ी को भी प्राप्त होने चाहिए। भावी पीढ़ी का यह अधिकार ही सामर्थ्यता को मानव विकास का अनिवार्य संघठक बनाता है। महबूब-उल-हक ने कहा, **''मानव अवसरों की सामर्थ्यता ही हमारी दिलचस्पी के केन्द्र में होनी चाहिए।''** क्योंकि सामर्थ्यता हेतु भौतिक मानवीय, वित्तीय व पर्यावरण सम्बन्धित सभी प्रकार की पूँजी को भविष्य के लिए बनाये रखना जरुरी होता है।

सामर्थ्यता, वितरण सम्बन्धी औचित्य का विषय है। इसके लिए विकास के अवसरों को वर्तमान व भावी, दोनों पीढ़ियों के लिए उचित ढंग से बाँटना आवश्यक हो जाता है। इसके विषय में महबूब-उल-हक कहते हैं, **''सामर्थ्यता का अर्थ गरीबी और अभाव के वर्तमान अवसरों को बनाये रखना नहीं है। यदि वर्तमान विश्व के अधिसंख्यक लोगों के लिए दुखदायी और अस्वीकार्य है तो इसे पहले बदलकर ही बनाए रखना चाहिए। दूसरे शब्दों में, जो बनाये रखने हैं, वे जीवन के सार्थक अवसर हैं, न कि मानवीय अभाव।''** वितरण के साथ-साथ सामर्थ्यता का अर्थ यह भी है कि देश के भीतर व विभिन्न देशों के बीच जीवन स्तर सम्बन्धी विषमताओं पर पुनर्विचार किया जाये और उन्हें कम करने का प्रयास किया जाये। क्योंकि अन्यायपूर्ण और रानजनीतिक व आर्थिक स्थिरता के परिणामस्वरुप विश्व में अस्थिरता फैल जाती है जिसको लम्बे समय तक बनायेनहीं रखा जा सकता है।

3.उत्पादकता:-मानव विकास का एक आवश्यक संघठक उत्पादकता है, क्योंकि विकास अर्थशास्त्र में मानव प्रयत्नों से उत्पादकता पर पड़े प्रभावों का ध्यान दिया जाता है। किसी भी देश में उत्पादकता को बनाये रखने व उसमें वृद्धि करने के लिए निवेश करना एक पूर्व निर्धारित शर्त है। लोगों के अधिकतम संभाव्य को उपयोग में लाने के लिए समष्टि आर्थिक पर्यावरण का सहायक होना जरुरी है, क्योंकि आर्थिक संवृद्धि मानव विकास मॉडलों का एक उप वर्ग है जो आवश्यक तो है परन्तु सम्पूर्ण संरचना नहीं है। इस प्रकार आधुनिक विकास मॉडलों का मुख्य आधार मानव पूँजी है। अर्थशास्त्रियगण इसको विकास का साधन मानते हैं। अतः मानव विकास, आर्थिक विकास का केन्द्र बिन्दु और अन्तिम लक्ष्य है।

4.सशक्तिकरण:-जब लोग अपनी स्वतंत्र इच्छा से विकल्पों के विषय में निर्णय लें सकेंगे, तबही इसे मानव विकास का सम्पूर्ण सशक्तिकरण माना जायेगा। साधारणतः सशक्तिकरण का अर्थ लोकतंत्र से है, जिसमें लोग अपने नियंत्रणों और नियमनों से स्वतंत्र हों व शक्ति के विकेन्द्रीकरण द्वारा देश में शासनके प्रत्येक स्तर पर वास्तविक शासन सम्भव हो सकेगा। देश में लोगों को सशक्त करने के लिए निम्नलिखित पहलुओं पर ध्यान देना होगा व उनके लिए प्रयास करना होगा।

- ✓ लोगों को सशक्त करने हेतु उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश करना चाहिए तभी लोग बाजार के अवसरों का पूर्ण लाभ उठा सकेंगे।
- ✓ लोगों को सशक्त करने के लिए ऐसा वातावरण तैयार करना होगा जिससे सभी व्यक्तियों की साख व उत्पादक परिसम्पत्तियों जैसी उत्पादक सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकेगी।
- ✓ सशक्तिकरण हेतु मानव को लिंग के आधार पर बाँटे बिना ही स्त्री-पुरुष दोनों को सशक्त करना चाहिए ताकि वे समान स्तर पर एक-दूसरे के साथ प्रतियोगिता कर सकेंगे।

5.जीवन निर्वाह:-प्रत्येक मानव को जीवन जीने के लिए कुछ आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति होना आवश्यक है जिसमें भोजन, आवास, जल आपूर्ति व शिक्षा, स्वास्थ्य व संरक्षण आदि शामिल हैं। जीवन की गुणवत्ता को सुधारने हेतु आर्थिक विकास आवश्यक शर्त है। इस सम्बन्ध में माईकल पी. टोडारो ने लिखा है, **''प्रति व्यक्ति आय का बढ़ना, गरीबी का उन्मूलन, रोजगार के अवसरों की अधिकता, आय असमानता को घटना इत्यादि विकास की आवश्यक शर्तें हैं, परन्तु पर्याप्त नहीं।''** अतः स्पष्ट होता है कि जीवन की प्रत्येक आवश्यकताओं को महत्त्वही देना मानव विकास की आधारशिला है।

6.आत्म-सम्मान:-सभी लोग आत्म-सम्मान प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं। आत्म-सम्मान का स्वरुप व आकार एक समाज से दूसरे समाज तथा एक संस्कृति से दूसरी संस्कृति में बदलता रहता है। इस आधुनिकीकरण के युग में धन और सम्पत्ति, आत्म-सम्मान का एक विश्वव्यापी मापदण्ड बन गया है। आजकल सभी देशों में भौतिक धन और आर्थिक शक्ति, आत्म-सम्मान के परिचायक बन गये हैं। सभी अल्प-विकसित देश आर्थिक विकास के माध्यम से आत्म-सम्मान प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि आर्थिक विकास ही आत्म-सम्मान का अनिवार्य पथ है। इस सम्बन्ध में डेनिस गौलिट कहते हैं, **''लक्ष्य के रुप में विकास तर्कसंगत है, क्योंकि सम्मान प्राप्ति के लिए यह केवल महत्त्वपूर्ण ही नहीं, अपितु अनिवार्य है।''**

7.स्वतंत्रता:- मानव विकास के संघठक के रुप में स्वतंत्रता बहुत महत्त्वपूर्ण है। यहाँ स्वतंत्रता का अर्थ राजनीतिक या सैद्धान्तिक रुप में नहीं अपितु आधारभूत व विस्तृत परिपेक्ष में है। स्वतंत्रता का अर्थ भौतिक प्रतिबन्धों, सामाजिक निषेधों, हठधर्मी विश्वासों, अज्ञानता तथा गरीबी से मुक्ति पाना है। इस सन्दर्भ में आर्थर लूईस कहते हैं कि, **"आर्थिक संवृद्धि का लाभ यह नहीं है कि धन, प्रसन्नता बढ़ाता है, अपितु मानवीय प्राथमिकताओं की श्रृंखला को बढ़ाता है।"** स्वतंत्रता से अभिप्रायः समाज एवं व्यक्तियों के विस्तृत प्रकार के अधिकारों को व्यक्त करना तथा विदेशी

निर्भरता व प्रतिबन्धों को कम करना है। आर्थिक विकास द्वारा समाज, भौतिक वातावरण पर नियंत्रण एवं शासन कर सकता है तथा अधिक मात्रा में वस्तुओं और सेवाओं को उपलब्ध करवाकर सदस्यों को अधिक आराम और स्वतंत्रता प्रदान करवा सकता है।

1.4.4 मानव विकास का मापन:-

जैसा कि आप जानते है कि विकास के आर्थिक मापों को आमतौर पर गैर आर्थिक सूचकों से जोड़ा गया है। इस सम्बन्ध में सामाजिक-आर्थिक विकास के विश्लेषण हेतु संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा 1990 से लगातार प्रतिवर्ष मानव विकास रिपोर्टो का प्रकाशन किया जा रहा है। जिसका केन्द्र बिन्दु सभी देशो के लिए मानव विकास सूचकांक तैयार करना व इसको परिष्कृत करके श्रेष्ठ बनाना है। अब प्रश्न यह उठता है कि मानव विकास सूचकांक क्या है? तथा किसी देश के लिए इसको कैसे तैयार किया जाता है?

1.4.4.1 मानव विकास सूचकांक

मानव विकास सूचकांक, मानव विकास का सारांश मापक है। यह किसी देश में हुये मानव विकास से सम्बन्धित तीन आधारभूत आयामों की औसत उपलब्धि के रूप में मापा जाता है।

1.4.4.2 मानव विकास सूचकांक को बनाने की प्रक्रिया

अब आप जानते ही है कि मानव विकास सूचकांक तीन आयामों की औसत उपलब्धि है। तो आइए अब मानव विकास सूचकांक को तैयार करने की प्रक्रिया समझने का प्रयास करें। मानव विकास सूचकांक को बनाने की प्रक्रिया को आप निम्नलिखित कदमों के माध्यम से आसानी से समझ सकेंगे। इन्हे निम्नलिखित प्रकार से दर्शाया जा सकता है।



1.**मानव विकास के आयामों का निर्धारण:-** जैसा कि आप जानते है कि प्रत्येक मानव के सम्पूर्ण विकास में शिक्षा, स्वास्थ्य व उसकी आय सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। इसीलिए इसदृष्टिकोण को लेकर महबूब उल हक ने मानव विकास सूचकांक तैयार करने के लिए तीन बुनियादी आयामों का प्रयोग किया वे है - लम्बा और स्वस्थ जीवन, ज्ञान व अच्छा जीवन स्तर।

2. **आयामों के लिए सर्वोपयुक्त सूचक का चयन:-** मानव विकास के आयामों के मापन हेतु निर्धारित आयामों के लिए सर्वाधिक उर्पयुक्त सूचक का चुनाव किया जाता है। चयनित आयामों को मापने के लिए महबूब उल हक ने जिन सूचको का प्रयोग किया वे निम्नलिखित है:-

I. एक लम्बा व स्वस्थ जीवन आयाम के मापन हेतु जन्म के समय जीवन प्रत्याशा सूचक का प्रयोग किया जाता है जोकि किसी देश के नागरिकों के स्वास्थ्य का द्योतक व आर्थिक विकास का परिचायक है।

II. ज्ञान आयाम के मापन हेतु स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष व स्कूली शिक्षा के प्रत्याशित वर्ष दो सूचकों का प्रयोग किया जाता है।

III. एक अच्छा जीवन स्तर आयाम के मापन के लिए क्रय शक्ति समता के आधार पर यू0एस0डॉलर में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय सूचक का प्रयोग किया जाता है।

जैसा कि आप जानते है कि विभिन्न देशों के आर्थिक विकास के मापक के रूप में मानव विकास सूचकांक का निर्माण 1990 से किया जा रहा है और इसको श्रेष्ठ बनाने के लिए, इसके आयामों में अभी तक कोई भी परिवर्तन नही किया गया है, परन्तु आयाम के सूचकों में 2010 से परिवर्तन कर दिया गया है। 2010 में प्रकाशित मानव विकास रिपोर्ट से पूर्व इसके ज्ञान व एक अच्छा जीवन स्तर आयामों के अलग सूचको का प्रयोग किया जाता रहा था। ज्ञान आयाम के लिए बालिग साक्षरता दर और सकल नामांकन अनुपान सूचकका प्रयोग किया जाता था। उपादान विश्लेषण के द्वारा जिन्हे क्रमशः दो तिहाई व एक-तिहाई वजन देकर शिक्षा सूचकांक तैयार किया जाता था। वहीं एक अच्छा जीवन स्तर आयाम के लिए अन्तर्गत क्रय शक्ति समता आय को समायोजित;।करनेजमकद्ध आय में परिवर्तित कर दिया जाता था। इसेक्रय शक्ति समता के आधार पर यू0एस0डॉलर में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय कहा जाता था।

3.**अधिकतम मान किसी भी दो देशो या समयावधि के बीच सापेक्षित तुलना को प्रभावित नही करता प्रत्येक सूचक के लिए लक्ष्य पद का निर्धारणः-** इसके उपरान्त प्रत्येक चुनिन्दा सूचकों के लिए न्यूनतम व अधिकतम लक्ष्य पदो का निर्धारण किया जाता है। मानव विकास सूचकांक बनाने हेतु प्रत्येक आयाम में सम्मुचय हेतु ज्यामिति माध्य का प्रयोग किया जाता है। सभी सूचकों हेतु लक्ष्य पदों के अधिकतम मान को प्राप्त करने के लिए, देशो के उपलब्ध काल श्रेणी आंकड़ो के आधार पर अधिकतम वास्तविक अवलोकित मान का प्रयोग किया जाता है, क्योंकि है। जबकि न्यूनतम मान तुलना को प्रभावित करता है। इसीलिए न्यूनतम मान के निर्धारण हेतु उचित निर्वाह स्तर मूल्य या शून्य का प्रयोग किया जाता है।क्योंकि प्रत्येक आयाम सूचकों के सम्मत आयामों में सामार्थ्य के एवजी होते है। आनन्द व सेन ने आय के लिए वास्तविक लघुगुणक का प्रयोग किया है।मानव विकास सूचकांक हेतु निर्धारित सूचकों के लिए अधिकतम व न्यूनतम लक्ष्य पदो का निर्धारण किया जाता है।

सारणी1 में मानव विकास रिपोर्ट 2010 के अनुसार मानव विकास सूचकांक हेतु निर्धारित अधिकतम व न्यूनतम लक्ष्य पदों कों दर्शाया गया है

सारणी **1** मानव विकास सूचकांक हेतु निर्धारित अधिकतम व न्यूनतम लक्ष्य पद

सूचक	अधिकतम मान	न्यूनतम मान
जन्म के समय जीवन प्रत्याशा	83.2	20
स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष	13.2	0
स्कूली शिक्षा के प्रत्याशित वर्ष	20.6	0
क्रय शक्ति समता के आधार पर यू0एस0डॉलर में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय	1,08,211	163

4.**आयाम सूचक का निर्माणः-**अब अधिकतम व न्यूनतम निर्धारित लक्ष्य पदों की सहायता से प्रत्येक आयाम के लिए अलग-अलग आयाम सूचक निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग करके तैयार किये जाते है।

आयाम सूचक =(वास्तविक मान-न्यूनतम मान)+(अधिकतम मान-न्यूनतम मान)

उपर्युक्त सूत्र का प्रयोग करने से प्रत्येक आयाम सूचक का मान 0 से 1 के बीच आता है।

5.**आयाम सूचक का ज्यामिति औसत**:-आयाम सूचक का सूत्र का प्रयोग करके प्रत्येक आयाम हेतु प्राप्त तीनों आयाम सूचकों का ज्यामिति मान ज्ञात किया जाता है। जिसे हम मानव विकास सूचकांक का मान कहते है।

$$\sqrt[3]{\text{Life Expectancy Index} * \text{Education Index} * \text{Gross National Income}}$$

Life expectancy index=जीवन प्रत्याशा सूचकांक

Education Index= शिक्षा सूचकांक

Gross National Income=सकल राष्ट्रीय आय

इस प्रकार अब आप किसी भी देश का मानव विकास सूचकांक का मान ज्ञात कर सकते हैं व ज्ञात मानो के आधार पर हम विभिन्न देशों के आर्थिक विकास की स्थिति की तुलना व विश्लेषण कर सकते है।

1.5 सारांश

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप जान चुके हैं कि विकास का मूल लक्ष्य मानवीय, प्राकृतिक, पूँजीगत तथा तकनीकि संसाधनों का विकास करके उत्पादकता का सृजन करना है तथा आर्थिक संवृद्धि में तीव्र गति, असमानता में कमी और गरीबी की समाप्ति होनी चाहिए। विकास के विभिन्न मापदण्ड हैं, जिसमें सबसे महत्त्वपूर्ण व प्रचलित मानदण्ड मानव विकास सूचकांक है। आज के युग में मानव विकास सूचकांक विकास का सबसे विश्वसनीय मापक माना जाना है। यह उन सभी चरों को आधार बनाता है जो सामाजिक क्षेत्र के विकास को प्रभावित करते हैं। यह दर्शाता है कि विकास हो रहा है तो समाज के निचले वर्गों के लोगों के जीवन स्तर में कितना सुधार हो रहा है और अब आप मानव विकास सूचकांक बनाने की प्रक्रिया से भी अवगत हो चुके हैं और किसी भी राष्ट्र के आर्थिक विकास को मापने के लिए निर्मित मानव विकास सूचकांक का स्वयं विश्लेषण कर सकते हैं।

1.6 शब्दावली:-

वास्तविक आय:- मौद्रिक आय की क्रय शक्ति को ही वास्तविक आय कहते हैं।

प्रति व्यक्ति आय:- कियी देश की राष्ट्रीय आय को वहाँ की जनसंख्या से विभाजित करके प्रति व्यक्ति आय प्राप्त की जाती है।

जीवन स्तर:- व्यक्ति, परिवार या व्यक्तियों के समूह की वह सीमा जिसमें वह अपनी सभी प्रकार की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा कर पाते हैं, उसे ही जीवर स्तर कहा जाता है।

जीवन सूचकांक की भौतिक गुणवत्ता:- जन्म पर जीवन प्रत्याशा, साक्षरता दर, और बाल मृत्यु दर जैसे तीन सामाजिक सूचकों का एक मिश्रित सूचकांक ही जीवन सूचकांक की भौतिक गुणवत्ताहै।

सामाजिक सूचक:- आर्थिक विकास के गैर आर्थिक सूचक ही सामाजिक सूचक है। जैसे जन्म दर जीवन प्रत्याशा, साक्षरता की दर, बालमृत्यु दर, प्रति 100 जनसंख्या पर उपलब्ध डॉक्टर आदि ।

उत्पादन विश्लेषण:- विश्लेषण की वह विधि जिसमें विभिन्न चरों को उनको उनके महत्त्वके अनुसार भार दिया जाता है।

आर्थिक कल्याण:- आर्थिक कल्याण समाजिक कल्याण का वह भाग है जिसे प्रत्यक्ष रुप से मुद्रा में नहीं मापा जा सकता है।

स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष:- शिक्षा के प्रत्येक स्तर पर अधिकारिक अवधि का प्रयोग करते हुए शिक्षा प्राप्ति स्तरों से परिवर्तित करने पर 20 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु वाले व्यक्तियों द्वारा प्राप्त शिक्षा के वर्षों की औसत संख्या।

स्कूली शिक्षा के प्रत्याशित वर्ष:- यदि (बच्चों) के जीवन-काल में, आयु विशिष्ट नामांकन दरों का विद्यमान ढाँचा स्थिर बना रहता है, तो बच्चों द्वारा स्कूल में प्रवेश के समय स्कूल में बने रहने के लिए प्रत्याशित वर्षों की संख्या।

प्रतिव्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय:- एक अर्थव्यवस्था की सामूहिक आय, जो इसके उत्पादन एवं उत्पत्ति के साधनों के स्वामित्व द्वारा उत्पन्न की जाती है। इसमें से शेष विश्व के उत्पत्ति साधनों की आय को घटाया जाता है एवं इसको क्रय शक्ति समता दरों का प्रयोग करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय डॉलर में परिवर्तित किया जाता है। तत्पश्चात् प्राप्त आय को मध्य वर्ष की जनसंख्या से विभाजित किया जाता है।

1.7 अभ्यास हेतु प्रश्न व उनके उत्तर:-

रिक्त स्थान भरिए -

1. किसी देश की अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में.....के स्तर को बढ़ाना ही आर्थिक विकास है।
2. कार्ल मार्क्स ने .....को ही आर्थिक विकास का मापदण्ड माना।
3. शुम्पीटर ने आर्थिक विकास के प्रमुख साधन के रुप में स्फीतिकारी वित्त तथा .....को महत्त्वपूर्ण माना।
4. रिकार्डों की पुस्तक कानाम .....है।
5. एवरेट ई. हैगन ने ..... सामाजिक व व्यक्तिगत सूचकों का प्रयोग किया।
6. इर्मा एडलमैन और सिन्थिया टाफ्ट मॉरिस ने सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक तत्वों पर आधारित सूचकांक ..... वर्ष में तैयार किया।
7. विकासवादी अर्थशास्त्रियों ने किसी देश की कुल .....आय में वृद्धि को ही आर्थिक विकास का मापदण्ड माना था।
8. ''जीवन की भौतिक गुणवत्ता सूचक''को.....अर्थशास्त्रीने तैयार किया।
9. मानव विकास सूचकांक तैयार करनेमेंएक लम्बा व स्वस्थ जीवन आयाम के मापन हेतु .....सूचक का प्रयोग किया जाता है।
10. मानव विकास सूचकांक तीन आयामों की .....उपलब्धि है।

प्रश्नों के उत्तर

1. उत्पादकता 2. समाजवाद 3. नव प्रवर्तनों 4. Principles of Political Economy and Taxation 5. 11 6. 1967 7.वास्तविक 8.मॉरिस डी. मॉरिस 9. जन्म के समयजीवन प्रत्याशा 10. औसत

अभ्यास हेतु बहु-विकल्पीय प्रश्न

1. किसने कहा ‘‘भौतिक समृद्धि में ऐसा अनवरत् दीर्घकालीन सुधार है जोकि वस्तुओं और सेवाओं के बढ़ते हुए प्रवाह में प्रतिबिम्बित समझा जा सकता है।’’

क. मॉरिस डी. मॉरिस ख. ई. एलिस

ग. ओकुन व रिचर्ड्सन घ. शुम्पीटर

2. ‘‘जीवन की भौतिक गुणवत्ता सूचक’’ के सूचक है।

क. प्रत्याशित आयु ख.शिशु मृत्यु दर

ग. साक्षरता घ. उपर्युक्त सभी

3. मानव विकास सूचकांक किसके निर्देशन में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा 1990 में तैयार किया गया था।

क. ओकुन व रिचर्ड्सन ख.महबूब-उल-हक

ग. मॉरिस डी. मॉरिस घ. उपर्युक्त मेंसेकोईनहीं

4. महबूब-उल-हक ने मानव विकास प्रतिमान के लिए किन से अनिवार्य संघटकबताये थे।

क. औचित्य ख.सामर्थ्यता

ग. उत्पादकता और सशक्तिकरण घ. उपर्युक्त सभी

5. किसनेकहा ‘‘मानव अवसरों की सामर्थ्यता ही हमारी दिलचस्पी के केन्द्र में होनी चाहिए।’’

क. पॉल ए. बरन ख.महबूब-उल-हक

ग. ई. एलिस घ. उपर्युक्त मेंसेकोईनहीं

6. मानव विकास सूचकांक तैयार करने में ज्ञान आयाम के मापन हेतु किन सूचकों का प्रयोग किया जाता है।

क. जन्म के समय जीवन प्रत्याशा ख.सकल राष्ट्रीय आय

ग. स्कूली शिक्षा के औसत वप्रत्याशित वर्ष घ. उपर्युक्त मेंसेकोईनहीं

7. आयाम सूचक का सूत्र है।

क. (वास्तविक मान-न्यूनतम मान)+(अधिकतम मान-न्यूनतम मान)

ख.(वास्तविक मान-न्यूनतम मान)-(अधिकतम मान-न्यूनतम मान)

ग.(वास्तविक मान-न्यूनतम मान)*(अधिकतम मान-न्यूनतम मान)

घ. (वास्तविक मान-न्यूनतम मान)/(अधिकतम मान-न्यूनतम मान)

8. प्रत्येक आयाम सूचक का मान आता है।

क. 0 से 1 के बीच

ख.1 से 10 के बीच

ग.1 से 100 के बीच

घ. उपर्युक्त में से कोईनहीं

बहु-विकल्पीय प्रश्नों के उत्तर

1. ग. 2. घ. 3. ख. 4. घ. 5. ख. 6. ग. 7. घ. 8.क.

1.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. तनेजा, एम.एल. एवं मॉयर, आर.एम. (2012), विकास का अर्थशास्त्र एवं नियोजन, विशाल पब्लिशिंग कम्पनी, जालंधर।

2. झिंगन, एम.एल. (2009), विकास अर्थशास्त्र एवं आयोजन, वृदा पब्लिकेशन प्रा.लि., नई दिल्ली, (चतुर्थदश संस्करण)।

3. सिंह, एस.पी. (1994), आर्थिक विकास एवं नियोजन, एस. चंद एण्ड कं. लि., नई दिल्ली, (4वाँ संस्करण)।

4. दत्त, गौरव एवं महाजन, अश्विनी (2016), भारतीय अर्थव्यवस्था, एस. चंद एण्ड कं. प्रा.लि., नई दिल्ली (55वाँ संस्करण)।

5. Meier, G.M. (1991), Leading issues in Economic Development, Oxford University Press, New Delhi (4th edition)

6. Todaro, M.P. and Smith, S.C. (2003), Economic Development, Pearson Edution, Asia (8th edition).

7. Agarwal, R.C. (2002), Economics of Development and Planning, Lakshmi Narain Agarwal, Agra.

8. Puri, V.K. and Misra, S.K. (2016), Economics of Development and Planning, Himalaya Publishing House, Mumbai (16th edition)

9. UNDP, Human Development Reports, Various issues.

10. Ministry of Finance, Government of Indian, Economic Survey, 2015-2016.

11. Dhingra, I.C. (1994), The Indian Economy, Sultan Chand and Sons, New Delhi.

12. Thirlwall, A.P. (2011), Economic of Development Palgrave Machmillan, London, 9th edition

13.सिन्हा, वी.सी. (2010), विकास और पर्यावरणीय अर्थशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा।

1.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1. विकास के विभिन्न मापो की विवेचना कीजिये?

2. मानव विकास का क्या अर्थ है?

3. किसी देश के मानव विकास मे कैान-कैान से संघटक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं?

4. मानव विकास सूचकांक किसे कहतेहै? इसकी रचना विधि को समझाईये?

इकाई 2

सतत विकास के सिद्धांत

इकाई की रूपरेखा

2.1 उद्देश्य

2.2 प्रस्तावना

2.3 सतत विकास क्या है?

2.4 सततशीलता एवं विकास

2.5 सतत विकास की उत्पत्ति एवं इतिहास

2.6 सहस्राब्दि विकास लक्ष्य

2.7 संयुक्त राष्ट्र सतत विकास के वैश्विक लक्ष्य

2.8 सतत विकास के मुख्य सिद्धांत

2.9 सतत विकास दृष्टिकोण की सीमाएं और लाभ

2.1 उद्देश्य:

प्रस्तुत इकाई में सतत विकास संकल्पना के मुख्य उद्देस्य, क्रम-विकास तथा सतत विकास के सिद्धांतों पर चर्चा है। प्रस्तुत इकाई के अध्यन के बाद आप बता सकते हैं कि सतत विकास की आवस्यकता क्यों है एवं इसके मुख्य सिद्धांतक्या हैं?

2.2 प्रस्तावना

विकास को बढती सभी मुसीबतों का एक्रयात्र उपाय माना जाता है तथा शुरू में औद्योगिक विकास के विचार को भी समाज की सभी समस्याओ और बुराइयों को समाप्त कर नेवालेविचार के रूप में प्रसारित किया गया था, परन्तु उससे सतत विकास पाना असंभव था एवं इसके लिए जो नीतियाँ एवं विधियाँ अपनायी गयी वोमानव के अस्तित्व के लिए ही खतरा बन गयी। इन खतरों पर जब विश्व का ध्यान गया तो इस नीति की जगह पर सतत विकास का सिद्धांत प्रस्तुत किया गया।

2.3 सतत विकास क्या है?

सतत विकास मानव विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संगठित सिद्धांतहै, यह प्राकृतिक प्रणालियों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों और पारिस्थिति की तंत्र सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बनाए रखने पर जोर देता है। सतत विकास की अवधारणा आर्थिक विकास, पर्यावरण की गुणवत्ता, और सामाजिक समानता केबीच संबंधों की खोज करतीहै ।सतत विकास या संधारणीय विकास का अभिप्रायहै, ऐसे विकास से है जो पर्यावरण के निम्नीकरण के बिना संतोषजनक विकास करता हो दूसरे शब्दों में सतत विकास वह प्रक्रिया हैजो हमारी भावी पीढ़ियों कीअपनीजरूरतें पूरीकरनेकीयोग्यताको प्रभावित किए बिना वर्तमान समय की आवश्यकताएं पूरी करे।सतत विकास सामाजिक-आर्थिक विकास की वह प्रक्रिया है जिसमें पृथ्वी की सहनशक्ति के अनुसार विकास की बात की जातीहैं।

2.4 सततशीलता एवं विकास (Sustainibility and Development)

प्रकृति ने हमेशा से ही यहाँ के प्राणियों को वो सब दिया है जिसकी उनको पृथ्वी पर जीवितरहनेके लिए आवस्यकता पड़ती है जैसे वायु, जल, भोजन और जीवितरहनेके लिए उपयुक्त वातावरण। हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ एवं गतिशील बनाये रखने के लिए प्राकृतिक संसाधनों कीआवस्यकताहोती है जो हमे प्रकृति से ही प्राप्त होते हैं। प्रकृति एवं जीवो के बीच में हमेशा से एक संतुलन रहा है तथा यह संतुलन हमेशा बना रहना चाहिए। प्रकृति कीभी सहने की एक क्षमता होती है तथा संसाधनों को उपलब्ध कराने की भी एक सीमा होती है।किन्तु मनुष्य के लालच एवं महत्वकांक्षाओ की वजह से इन प्राकृतिक संसाधनों का जरुरत से ज्यादा दोहन होताहै, जिसकी वजह से ये संसाधन हमारी भविष्य की पीढ़ियों को उपलब्ध नहीं होंगे।इससे न केवल मनुष्य के किन्तु पृथ्वी पर रहने वाले अन्य जीव जन्तुवों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है।जरुरत से अधिक दोहन की वजह से प्राकृति क परिस्थितियों में तीव्र बदलाव देखने को मिल रहे हैं।तेजी से हो रहे प्राकृतिक परिवर्तनों का सामना करने की प्रकृति की भी एक सीमित क्षमता है। प्रकृति में आये किसी एक बदलाव को अपने वास्तविक प्रारूप में वापसआने में हजारों वर्षो का समय लगता है इसलिए हमे ही ऐसे कुछ प्रयास करने होंगे जिनसे हम प्रकृति में आर हे बदलावों को धीमा कर सकें ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी भी जीवित रह सके एवं प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग कर सकें।इसे प्राकृतिक, पारिस्थितिकतंत्र या पर्यावरण की सततशीलता के रूप में जाना जाता है। प्रकृति का स्वस्थ रहना पृथ्वी के सभी जीवो के लिए नितांत आवश्यक है।खपत और औद्योगि कीकरण के पुराने तंत्र दुनिया की बढ़ती आबादी का समर्थन नहीं कर सकते।यदि मनुष्य को जीवित रहना है, तो उसे पानी, दैनिक उपयोगकी वस्तुओ और प्राकृतिक संसाधनों को बढ़ाना होगा, जिसके लिए उसे एक नया दृष्टिकोणअपनाना होगा।

2.4.1 सततशीलता (Sustainibility)

शब्द "सततशीलता" को विभिन्न रूप से परिभाषित किया गयाहै, जैसे कि:

- सततशीलता एक परिभाषित व्यवहार को अनिश्चितकाल तक जारी रखने या कहें स्थिर रखने की क्षमताहै।
- प्राकृतिक संसाधनों का इस तरह से उपयोग किया जाना कि वो पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र की वहन और उत्पादक क्षमता को प्रभावित न करे।
- सततशीलता के लिए एक न्यूनतम आवश्यक शर्त वर्त मान स्तर प रया उससे ऊपर कुल प्राकृतिक पूंजीगत भण्डार का रखरखाव है।
- 'सततशीलता' की परिभाषा यह है कि कैसे प्राकृतिक प्रणाली कार्य करती है, विविध रहती है और संतुलन में रहने के लिए पारिस्थिति की के लिए आवश्यक सभी चीजों का उत्पादन करती है।



सततशीलता को अक्सर जैविक प्रणाली के सहन करने की क्षमता, उत्पादकता एवं विवधता से परिभाषित किया जाता है।लेकिन, सततशीलता की 21 वीं शताब्दी की परिभाषा इन संकीर्ण मानकों से काफी दूरहै।आज, यह मानव जातिऔरपृथ्वी की प्राकृतिक प्रणालियों को जीवित रखने के लिए आवश्यक सतत प्रति रूप विकसित करने की आवश्यकता को दर्शाता है।इन ऊंचे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, मनुष्यों को अपनी पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं आर्थिक अभ्यास नीतियों की फिर से जांचकरनी होगी।

i. **पर्यावरणीय सततशीलता:** यह अक्षय संसाधन उपयोग, प्रदूषण, और गैर नवीकरणीय संसाधनों कीकमी की दर को बनाए रखने की क्षमता है जिसे अनिश्चित काल तक जारी रखा जा सकता है।।
ii. **सामाजिक सततशीलता:** यह एक सामाजिक प्रणाली की क्षमता है, जैसे एक देश, सामाजिक स्तर पर परिभाषित स्तर पर कार्य करने के लिए अनिश्चित काल तक कार्य करता है।
iii. **आर्थिक सततशीलता:**यह अनिश्चित काल तक आर्थिक उत्पादन के परिभाषित स्तर का समर्थन करने की क्षमता है।

2.4.2 विकास (Development)

'विकास' शब्द का अर्थ व्यापक रूप से सामाजिक और आर्थिक उन्नति है। विकास का अर्थ होता है मूल भूत सुविधाओं में वृद्धि विकास में स्थायी परिवर्तन का अर्थ भी है ।एक बेहतर जीवन के लिए नए अवसर, रोजगार, समृद्धि और विकल्पों की बढ़ोतरी के लिए विकास की जरूरत पड़ती है। यह पारिस्थिति की तंत्र एवं प्राकृतिक पर्यावरण की समग्र वृद्धि को भी प्रदर्शित करता है। विकास लोगों के कल्याण में सुधार से कहीं अधिक है, यह आर्थिक, राजनीतिक

और सामाजिक प्रणालियों की क्षमता को विकसित करना है ताकि यह उस निरंतर कल्याण के लिए परिस्थितियों की प्रणाली की क्षमता को बनाया रखा जा सके।विकास के फल स्वरूप राष्ट्र सशक्त होता है एवं समग्र विकास उसे अधिक निर्णायक बनाता है।

2.4.3आर्थिक उन्नति एवं आर्थिक विकास(Economic Progress and Economic Development)

किसी भी राष्ट्र के समाज के सततशीलता हेतु उसका आर्थिक रूप से सुदृढ़ होना आवश्यक हैएवं आर्थिक विकास हेतु आर्थिक उन्नति की आवस्यकता होती है।सतत विकास ऐसा होना चाहिए जो समावेशी हो एवं जिसका लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। इस प्रकार से आर्थिक विकास सतत विकास के लिए आवश्यक है तथा आर्थिक विकास सतत विकास में निहीत है ।आईये जानते हैं आर्थिक उन्नति एवं आर्थिक विकास में मुख्य अंत रक्या है:

आर्थिक विकास अर्थशास्त्र की एक शाखा है जो लंबी अवधि के आर्थिक उन्नति के व्यापक आर्थिक कारणों और व्यष्टि अर्थशास्त्र (microeconomics) के अध्ययन से संबंधित है । आर्थिक उन्नति अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी चीज़ों के मूल्य में वृद्धि को दर्शाता है। इसका मतलब यह है कि देश के जीडीपी या जीएनपी में सालाना वृद्धि प्रतिशत।यह एक अवधि में, प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय उत्पाद में वृद्धि के बारे में बताताहै, अर्थात् आर्थिक उन्नति तब मानी जाएगीजब कुल उत्पादन में वृद्धि की वृद्धि दर, जनसंख्या वृद्धि दर से अधिक हो।

तालिका 01:आर्थिक उन्नति एवं आर्थिक विकास में अंतर

तुलना के लिए आधार	आर्थिक उन्नति	आर्थिक विकास
अर्थ	आर्थिक विकास समय की एक विशेष अवधि में देश के वास्तविक उत्पादन में सकारात्मक बदलाव है।	आर्थिक विकास में प्रौद्योगि की उन्नति, जीवन स्तर में सुधार और इतने पर एक अर्थव्यवस्था में उत्पादन के स्तर में वृद्धि शामिल है।
संकल्पना	संकीर्ण	विस्तृत
क्षेत्र	सकल घरेलू उत्पाद, प्रति व्यक्ति आय आदि जैसी संकेत कों में वृद्धि	जीवन प्रत्याशादर, शिशु मृत्यु दर, साक्षरता दर और गरीबी दर में सुधार।
अवधि	लघु अवधि प्रक्रिया	दीर्घ कालिक प्रक्रिया
उपयुक्त	विकसितअर्थव्यवस्था	विकसितअर्थव्यवस्था
यह कैसे मापाजा सकता है?	राष्ट्रीयआय में बढ़ोतरी	वास्तविक राष्ट्रीय आय में बढ़ोतरी
किस प्रकार के परिवर्तन की उम्मीदहै?	मात्रात्मक परिवर्तन	गुणात्मक और मात्रात्मक परिवर्तन
प्रक्रिया का प्रकार	स्वचालित	मनुष्यद्वारा
यह कब दिखता है?	एक निश्चित समय अंतराल में	सतत प्रक्रिया

आर्थिक उन्नति में राष्ट्रीय या प्रति व्यक्ति आय और उत्पाद में वृद्धि का उल्लेख है। अगर किसी देश में मालऔ र सेवाओं का उत्पादन बढ़ जाता है, तो इसका मतलब है देश ने आर्थिक उन्नति हासिल की है और इस के साथ-साथ औसत आमदनी बढ़ जाती है। इस दृष्टिकोण से, आर्थिक उन्नति का मतलब अर्थ व्यवस्था के आकार या गति में वृद्धि है जैसे कि अधिक उत्पाद और से वाएं उत्पादित की जाती हैं ।आर्थिक विकास काअर्थ है, विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा और मानव कल्याण के अन्य पहलुओं में सुधार ।जो देश अपनी आय में वृद्धि करते हैं लेकिन जीवन प्रत्याशा भी बढ़ाते हैं, शिशु मृत्यु दर को कम करतेहैं, और विकास के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं से साक्षरता दर में कमी नहीं कर रहे हैं।

आर्थिक उन्नति को अक्सर आर्थिक विका समान लिया जाता है, जिसे किसी देश या किसी विशेष क्षेत्र के निवासियोंके कल्याण के लिए आर्थिक धन में वृद्धि के रूप में परिभाषित किया जाता है। यहां आपको यह जानना चाहिए कि आर्थिक विकास एक आवश्यक है, लेकिन आर्थिक उन्नति के लिए एक मात्र शर्त नहीं है। यह समय के साथ एक अर्थव्यवस्था का सकल घरेलू उत्पाद (सकल घरेलू उत्पाद) या प्रति व्यक्ति जीडीपी में वृद्धि है । इसलिए, यह विकास का केवल एक पहलू है जो व्यक्तियों की आय है। वहीं दूसरी ओर आर्थिक विकास एक बहु-आयामी अवधारणा है, जिसमें आय, स्वास्थ्य, शिक्षा, मतदान अधिकार आदि शामिल हैं । यह अवधारणा व्यक्तियों के समग्र विकास पर केंद्रित है।

2.4.4समावेशी विकास (Inclusive development)

समावेशी विकास का मतलब आर्थिक विकास है जो रोजगार के अवसर पैदा करता है और गरीबी को कम करने में मदद करता है।इसका मतलब है गरीबों द्वारा स्वास्थ्य और शिक्षा मेंआवश्यक सेवाओं तक पहुंच बनाना ।इसमें अवसर की समानता प्रदान करना, शिक्षा और कौशलविकास के माध्यम से लोगों को सशक्त बना नाशा मिल है। इस सिद्धांत का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों हेतु अवसर पैदा करना और दोनों मौद्रिक और गैर-मौद्रिक में बढ़ी समृद्धि के लाभांश को समाज में बराबर अनुपात में वितरित करना है।इस अवधारणा का कहना है कि विकास के फल समाज के गरीब वर्ग तक पहुँचने कीबात कही गयी है, इसलिए इसे "समावेशीविकास" कहा गया है।

2.4.4.1समावेशी विकास सूचकांक (Inclusive development index)

22 जनवरी, 2018 को विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा समावेशी विकास सूचकांक (The Inclusive Development Index-2018) जारी किया गया । इस सूचकांक में विश्व की 103 अर्थव्यवस्थाओं (देशों) को शामिल किया गया है। सूचकांक 'जीवितमानकों, पर्यावरणीय सततशीलता और भविष्य की पीढ़ियों के आगे ऋणग्रस्तता से संरक्षण' को ध्यान में रखकर बनाया गयाहै ।इसमें वृद्धि और विकास, समावेश, और अंतर-पीढ़ी गत न्याय सम्यता को दो भागों में विभाजित किया गया है। पहले भाग में 29 उन्नत अर्थव्यवस्थाएं और दूसरे 74 उभरती हुई अर्थ व्यवस्था एंशा मिल हैं। सूचकांक ने अपने समग्र समावेशी विकास विकास स्कोर के पांच साल के रुझान के

अनुसार देशों को पांच उप-श्रेणियों में वर्गीकृत किया है। समावेशी विकास सूचकांक (IDI) यह उपाय करता है कि देश जीडीपी के अतिरिक्त आर्थिक प्रगति के ग्यारह आयामों पर कैसेप्र दर्शन करते हैं।इस सूचकांक में शीर्ष पर नॉर्वे के बाद आयरलैंड, लक्ज़मबर्ग, स्विट्जरलैंड और डेनमार्क को रखा गया है जबकि भारत को 62 वे स्थान पर रखा गया है।

2.4.5सततविकास (Sustainable Development)

इसका मतलब है कि वर्तमान पीढ़ी की जरूरतों के साथ समझौता किए बिना, भविष्य की पीढ़ी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना, विकास होना चाहिए। यह अवधारणा एक ऐसे विकास की परिकल्पना है जो पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्थाओं की परस्पर निर्भरता और लोगों के सशक्तिकरण और वैश्विक नागरिकता की भावना के माध्यम से समानता और न्याय को बढ़ावा देती हो। इस अवधारणा के अनुसार संसाधन उपयोग का एक रूप है जिसका उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करते हुए मानव की जरूरतों को पूरा करना है ताकि ये वर्तमान के साथ-साथ भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को भी मिले।

2.4.5.1सतत विकास सूचकांक (Sustainable Development Index)

यह सूचकांक देशों को निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में आर ही मुश्किलों और खामियों को रेखांकित करता है, ताकि उन पर ध्यान देकर वे अपनी प्राथमिकताएं तय कर सकें और लक्ष्यों को 2030 तक पूरा कर सकें। यह सूचकांक दिखाता है कि वे कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन देशों में कैसे कार्य सूची 2030 लागूकीजासकती है तथा इन महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किस प्रकार की तत्काल और व्यापक कार्रवाई की आवश्यकता है ।

2.5 सततविकासकीउत्पत्तिएवंइतिहास

सततविकास की अवधारणा ने पूरे विश्व में विकास की परिभाषा को बदल दिया।सतत विकास एक बहुआयामी अवधारणा है, जिसकी शुरूआत वैज्ञानिक रॉक लकारसन की पुस्तक *दी साइलेंटस्प्रिंग* (The Silent Spring) के 1962 में प्रकाशित होने के पश्चात हुई,जिसमें एक कीटनाशक डी.डी.टी. (*Dichloro Diphenyl Trichloroethane*) के प्रयोग से वन्य जीवन पर होने वाले हानिकारक प्रभावों का उल्लेख किया गया था ।यह पुस्तक तब आयी जब औद्योगिक क्रांति चरमपर थी और लोग औधौगीकरण के पर्यावरण पर हानिकारक प्रभावों से अनभिज्ञ थे ।इस पुस्तक को सतत विकास की दिशा में एक मील का पत्थर माना जाता है। इसके पश्चात सतत विकास की अवधारणा का उदभव मुख्यतःउत्पादन –प्रणालियों पर नियंत्रण करने वाले कुछ लोगों द्वारा प्रकृति के बहुमूल्य तथा सीमित संसाधनों के लालच पूर्ण दुरूप्रयोग के कारण प्राकृतिक संसाधनों की समाप्ति तथा उस के कारण आर्थिक क्रियाओं तथा उत्पादन प्रणालियों के धीमे होने या प्राकृति क संसाधनों के ख़त्म होने के भय से हुआ। 1969 मेंगैर-लाभकारी संस्था 'फ्रेंड्स ऑफ़दी अर्थ' (Friends of the earth) बनाई गई जिसे पर्यावरण की सुरक्षा हेतु एवं निर्णय प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु समर्पित किया गया। 1971 में आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन (OECD) ने "प्रदूषकखर्चादें" (Polluter Pays Principle) का सिद्धांत दिया जिसमें यह कहा गया कि

प्रदूषण फैलाने वाले देशों को उसकी कीमत देनी चाहिए।पहली बार 1972 में स्वीडन की राजधानी स्टॉक होम में मानव पर्यावरण पर आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCHE) में विश्व समुदाय में इस बात पर सहमति हुई कि मानव पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों में भारी गिरावट आई है एवं पर्यावरण संकट एकगंभीर मसला है। इस विचार को पहली बार अंतराष्ट्रीय कार्य सूची में शामिल किया गया। इससे 'संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम' (UNEP) की स्थापना हुई। निदेशक मौरिसस्ट्रांग ने पर्यावरण विकास (Eco development) शब्द दिया जो विकास को पर्यावरण सुरक्षा के साथ जोड़ता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए पर्यावरण रणनीतियों को विकसित करने के उद्देस्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा दिसंबर,1983 में एक आयोग का गठन किया गया था, जिसका नाम 'पर्यावरण और विकास विश्व आयोग' था।इस समिति में २२ सदस्य थे जो दोनों विकसित एवं विकासशील देशो का प्रतिनिधित्व करते थे तथा इस आयोग की अधक्ष्यता नॉर्वे की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती ग्रोहर्ले मब्रंटलैण्डने की थी जिस वजह से इसे 'ब्रंटलैण्ड आयोग' भी कहा जाता है। उन की रिपोर्ट '*अवरकॉमनफ्यूचर*' (Our Common Future) के नाम से अक्टूबर, 1987 में प्रकाशित हुई।सबसे पहले सतत विकास की परिभाषा इसी आयोग ने दी थी।उनके अनुसार स्थायी विकास का अभिप्राय आर्थिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण को सुरक्षित करना है।इस रिपोर्ट ने सतत विकास को मजबूती से राजनीतिक अंतर्राष्ट्रीय विकास सोच में सम्मिलितकरने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस रिपोर्ट में कहा गयाहै कि विकास हमारी आज की जरूरतों को पूरा करे, साथ ही आने वाली पीढियों की जरूरतों की भी अनदेखी न करे।आयोगका कहना है कि, सतत विकास न केवल पर्यावरण से सामंजस्य लाना है बल्कि यह एक परिवर्तन की प्रक्रिया है जिसमें संसाधनों का दोहन, निवेश की दिशा, तकनीकि विकास की स्थिति, तथा संस्थात्मक परिवर्तनों को वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकताओं के भी अनुकूल बनाया जा सके। सतत विकास प्राकृतिक संसाधनों जैसे कोयला, तेल तथा जलके दोहन के लिए उत्पादन तकनीकों, औधोगिक प्रक्रियाओं तथा विकास की न्यायोचित नीतियों के संबंध में दीर्घकालीन योजना प्रस्तुत करता है। यह आर्थिक विकास की दौड के प्रति विश्व को सचेत करता है कि विकास प्राकृति क संसाधनों को नष्ट कि ये बिना एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचाये बिना हो। सतत विकास यह सुनिश्चितकरता है कि परिस्थिति की व्यवस्थाओं की सहनशीलता क्षमताओं के अनुरूपमानव जीवन की गुणवत्ता में सुधारलायाजास के एवं ऐसी आर्थिक उन्नति हो जो पृथ्वी के सीमित संसाधनों को नष्ट किए बिना, विश्व के सभी लोगों को न्याय तथा समान अवसर प्रदान करे।

ब्रंडलैंड की परिभाषा में एक महत्व पूर्ण तत्व पर्यावरण और विकास की एकता है। ब्रंडलैंड आयोग मानव पर्यावरण पर 1972 स्टॉकहोम सम्मेलन के दावे के खिलाफ तर्क देता है और प्रकृति संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ की 1980 के विश्व संरक्षण रणनीति की तुलना में, सतत विकास पर एक वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रदान करता है। ब्रंडलैंड आयोग ने इसपरजोरदियाकि "पर्यावरण" को पहले मानव भावना या कार्रवाई से अलग एक क्षेत्र के रूप में माना जाता था, और "विकास" एक शब्द था जिसे राजनीतिक लक्ष्यों या आर्थिक प्रगति का वर्णन करने के लिए इस्तेमाल किया गया था, यह समझने के लिए अधिक व्यापक है एक दूसरे के संबंध में दो शब्द (हम विकास के संबंध में पर्यावरण को बेहतर समझ सकते हैं और हम पर्यावरण के संबंध में विकास को बेहतर समझ सकते हैं, क्योंकि वे अलग-अलग संस्थाओं के

रूप में अलग नहीं हो सकते)। ब्रंडलैंड का तर्क है कि "पर्यावरण" वह है जहां हम रहते हैं और "विकास" यही है जो हम सभी उस निवास के भीतर अपनी तकदीर को सुधारने के प्रयास में करते हैं तथा दोनों अविभाज्य हैं। 1992 के रियो पृथ्वी शिखर सम्मेलन के बाद से सतत विकास नेखुद को सारी अवधारणाओं के केंद्र के रूप में स्थापित किया है तथा यह अवधारणा अंतराष्ट्रीय विकासवादी सम्मेलनों तथा कार्यक्रमों की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक आर्थिक अवधारणाबन गई है। इस सम्मेलन में ही विश्वरा जनीति में पर्यावरण को एक ठोस स्वरूप मिला। इस अवसर पर कार्य सूची-21 (Agenda-21) पारित किया गया। सभी राष्ट्रों से निवेदन किया गया कि वह प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखें, पर्यावरण के प्रदूषण को रोके तथा सतत विकास का रास्ता अपनाएं। 'ब्रन्टलैण्ड आयोग की रिपोर्ट के पश्चात सतत विकास के काय्रक्रमों को प्रभावी रूप से लागू करने के लि एसंयुक्त राष्ट्र द्वारा दिसम्बर, 1992 में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास आयोग का गठन किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्ष 2000 के सहस्त्राब्दि शिखर सम्मेलन में सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों की घोसणा की तथा इसी क्रम में 2002 में जोहान्सबर्ग में सतत विकास पर विश्व सम्मेलन, 2005 में कनाडा के मोंट्रियल शहर में संयुक्त राष्ट्र जल वायु परिवर्तन सम्मेलन, 2006 में न्यूयोर्क में वनों के सतत विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन तथा दिसम्बर, 2007 में इंडोनेशिया के बाली द्वीप में जलवायु परिवर्तन पर सम्मेलन आयोजित किया गया। सतत विकास की प्रासंगिकता जून 2012 में रिओ पृथ्वी सम्मलेनके 20 वर्ष पूर्ण होने क उपलक्ष्य में संयुक्तराष्ट्र द्वारा आयोजित "रिंयो + 20" सम्मेलन में भी उभर कर आयी।सन 2015 में के पश्चात सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों का स्थान वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों ने ले लिया।

2.6 सहस्राब्दि विकास लक्ष्य (Millennium Development Goals)

संयुक्त राष्ट्र संघ केवर्ष 2000 के सहस्त्राब्दि शिखर सम्मेलन में वैश्विक विकास की मुख्य चुनौतियों कासामना करनेकेलिए 8 वैश्विक विकास लक्ष्य निर्धारित किये गये थे जिन्हें सहस्राब्दी विकास लक्ष्य' (Millennium Development Goals (MDGs)) कहा जाता है। इन आठ लक्ष्यों को 2015 तक प्राप्त करने की योजना बनाई गई थी। सितंबर 2000 में संयुक्त राष्ट्र सहस्त्राब्दि शिखर सम्मेलन में 189 देशों के 147 राष्ट्राध्यक्षों ने इस योजना पर सहमति जताई और इस पर हस्ताक्षर किए ।सहस्त्राब्दि घोषणापत्र के लक्ष्यों और कार्यक्रम के अनुसार, उक्त आठ सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्यों के तहत् 21 विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए गए थे ।वे आठ मुख्य लक्ष्य इस प्रकार थे-

1 .अत्यधिक गरीबी और भूख को समाप्त करना,

2 .सार्वभौम प्राथमिकशिक्षा,

जरिये सतत विकास की स्थिति को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ते हैं।सतत विकास की बहस अकसर दो बिन्दुओं के इर्द–गिर्द घूमती है, पहला है पर्यावरणीय और दूसरा सामाजिक–आर्थिक मुद्दे। इन मुद्दों के समाधान के लिये पर्यावरणीय, सामाजिक एवं सतत विकास के विभिन्न दृष्टिकोण का उपयोग किया जा सकता है। सतत विकास के दृष्टिकोण से पर्यावरणीय और सामाजिक–आर्थिक परिवर्तनों के मूल कारणों को स्पष्ट किया जा सकता है। परिवर्तन को तीन श्रेणियों में देखा जा सकता हैः यथास्थिति, सुधार और रूपांतरण। बाद की

श्रेणी सर्वाधिक परिवर्तनशील है, जो मौजूदा ढांचे को बाहर से परिवर्तित करते हैं और मानव अस्तित्व तथा प्रकृति के लिये महत्वपूर्ण बनते हैं। सतत विकास के इन विचारों को निम्नवत सरलता से समझा जा सकता है:

यथास्थिति (Status Quo): यथास्थिति के समर्थक (विशेषतः सामाजिक और राजनीतिक मसलों में) परिवर्तन की आवश्यकता को समझते हैं, लेकिन पर्यावरणीय एवं सामाजिक समस्याओं पर ध्यान नहीं देते। यह पक्ष बुनियादी ढांचागत परिवर्तनों के बजाय छोटे–छोटे परिवर्तन करता है, इनमें से अधिकतर राजनीतिक और व्यावसायिक कारक होते हैं, जिनके अनुसार उन्नतिपरक विकास ही समस्याओं का समाधान है। इस स्थिति के समर्थक कर व्यवस्था में प्रगतिशीलता, सामाजिक श्रम में कटौती, निजीकरण और निगरानी को घटाने के लिये सरकार की भूमिका में परिवर्तन के प्रति संवेदनशील होते हैं। उनका तर्क है कि व्यवसाय सततता की ओर बढ़ाने वाला कारक है। बाजार के जरिये सूचनाओं में वृद्धि, बदलते मूल्य, परिष्कृत प्रबंधन तकनीकें और नयी तकनीक सतत विकास को हासिल करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

साइमन और कान (1984) बाजार और तकनीक के मेल को भविष्य में ऐसी दुनिया स्थापित करने में क्षमतावान मानते हैं जो कम प्रदूषित, पारिस्थितिकी रूप से अधिक स्थायी होगी और जहां लोग आज के मुकाबले अधिक समृद्ध होंगे। इस दृष्टिकोण को World Business Council for Sustainable Development (1998) ने भी समर्थन दिया। इसके अनुसार वैश्विक बाजार और पर्यावरणीय स्थायित्व के बीच कोई विरोध नहीं है। इस दृष्टिकोण का तर्क है कि, हम खुले और स्वस्थ व्यापारिक तंत्र के बूते सतत विकास का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक को–ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (OECD, 2001) का तर्क है कि करों, सब्सिडी में वित्तीय परिवर्तन और संसाधनों पर निजी स्वामित्व की बढ़ोतरी से बाजारों को सतत विकास की दिशा में काम को प्रेरित किया जा सकता है, साथ ही यह विश्वास भी जगाया जा सकता है कि वैश्वीकरण सामाजिक और पर्यावरणीय सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर नहीं करने वाला है। लोम्बर्ग (2001) कहते हैं, 'विकासशील विश्व में पर्यावरणीय गुणवत्ता बढ़ाने के लिये सबसे जरूरी है आर्थिक उन्नति की सुनिश्चितता। यही वह जरिया है, जो लोगों को निर्धनता, भूख जैसी समस्याओं से उबारने के साथ पर्यावरणीय दिक्कतों से भी निपट सकता है।'

अधिकतर आधुनिक पारिस्थितिकी विशेषज्ञ यथास्थिति बनाये रखने का समर्थन करते हैं। आधुनिक पारिस्थितिकी के लिये वे बाजार का समर्थन करते हैं, जिसमें निगरानी तंत्र भी शामिल हो। इसके अलावा सरकार, व्यवसाय, पर्यावरणविदों, वैज्ञानिकों के संयोजन में वे तकनीक को समानता, न्याय और मानवीय जीवनस्तर से कहीं अधिक प्रमुखता देते हैं। (Alier, 2003). यह समूह सरकार की भूमिका को कमतर करने का पक्षधर होता है, नियमों व नियंत्रण के पालन के प्रति वे अनिच्छुक रहते हैं, जबकि वृहद विषयों पर लोकतांत्रिक अधिकारों की वृद्धि की भी वे जरूरत नहीं समझते (विशेषतः आर्थिक मामलों से जुड़े निर्णयों में)। यह माना जाता है कि प्रबंधन का मौजूदा सरकारी और व्यावसायिक तंत्र (EIA, EMAS, CBA, BATNEEC, BPEO आदि) और तकनीकी–आर्थिक साधन (पर्यावरणीय कर, प्रदूषण नियंत्रण परमिट आदि) सतत विकास प्रक्रिया को प्रोत्साहित करते हैं। गैरेट हार्डिन (1968) अपनी पुस्तक 'Tragedy of

the commons' में पर्यावरण की सुरक्षा के लिये संसाधनों पर निजी स्वामित्व को बढ़ावा देने की वकालत करते हैं। यही नहीं, उनकी 'Lifeboat ethic' (1974) तर्क देती है कि निर्धनों को भूखा ही छोड़ देना चाहिये। जबरन बलप्रयोग (Coercion, 1968) को उनका समर्थन उनके सामाजिक विचारों को आर्थिक तानाशाही की ओर बढ़ाता है।

यथास्थिति समर्थकों का पर्यावरणीय सततता के प्रति बेहद कमजोर और अन्यमनस्क बर्ताव रहता है। यहां तक कि कुछ के लिये तो इस दृष्टिकोण का कोई महत्व ही नहीं नजर आता है। वे यही मानते हैं कि तकनीक प्रकृति का स्थान ले सकती है और विकास ही निर्धनता, असमानता जैसी समस्याओं से निपटने का एकमात्र तरीका है। विश्व बैंक (2000) का भी मानना है कि वैश्विक निर्धनता को कम करने के लिये आर्थिक स्थिरता, बाजार समर्थित सुधार और विकास को पोषण देना बहुत आवश्यक है।

सुधार (Reform): इस विचार के समर्थक नीतियों और कार्यशैलियों में परिवर्तन की मांग करते हैं। वे सरकार, व्यापार और नीतियों के लिये इन्हें जरूरी मानते हैं, लेकिन बुनियादी परिवर्तन की उम्मीद नहीं रखते। वे मौजूदा समाज की समस्याओं की जड़ों तक नहीं पहुंचते और जानकारी व सूचनाओं का अभाव होने के बावजूद वे विश्वास करते हैं कि सामाजिक चुनौतियों का निस्तारण वे आसानी से कर सकेंगे। वे आमतौर पर यही मानते हैं कि नीतियों और जीवनशैली में बदलाव की जरूरत है और यह मौजूदा सामाजिक–आर्थिक ढांचे में ही हासिल किया जा सकता है। इन समूहों में सरकार और सार्वजनिक संस्थानों का प्रतिनिधित्व तो होता है, लेकिन इन पर शिक्षाविदों और गैर सरकारी संगठनों का ही प्रभुत्व नजर आता है। सुधार के समर्थकों का विश्वास है कि नयी तकनीकें पर्यावरण के संरक्षण में मददगार हो सकती हैं और वे दावा करते हैं कि नयी तकनीकें विस्तृत आर्थिक और सामाजिक लाभ भी प्रदान कर सकते हैं। उदाहरण के लिये, ऊर्जा के उपयोग के लिये कोयले के बजाय नवीकृत संसाधनों का इस्तेमाल करने से ऊर्जा क्षमता में खासी बढ़ोतरी हुयी है, जो व्यावसायिक दृष्टि से लाभकारी तो है ही, पर्यावरण के लिये भी नुकसानदेह नहीं हैं।

इस दृष्टिकोण में सरकार की भूमिका को महत्वपूर्ण माना जाता है, जिसका काम व्यवसायों का नियंत्रण और उन्हें बढ़ावा देना है, जिसके लिये वह कर व्यवस्था में बदलाव, सब्सिडी, शोधकार्य और सूचनाएं प्रदान करने का काम करती है। इसके अलावा राजनीतिक तंत्र में भी सुधार की जरूरत महसूस की जाती है, जिसमें लोकतांत्रिक भाव और सहभागिता की अधिकता हो। The Real World Coalition पर्यावरणीय और सामाजिक–आर्थिक चिंतनों को संयुक्त करता है और बताता है कि मौजूदा व्यापारिक मॉडल अपने आप में बड़े खतरे का स्रोत है, क्योंकि इसकी वजह से सामाजिक असमानता, निर्धनता, पर्यावरणीय नुकसान और वैश्विक अस्थिरता के पहलू उभरकर सामने आने लगे हैं। सुधार के समर्थक मानते हैं कि लोकतांत्रिक पुनर्गठन के लिये आमूल परिवर्तन की आवश्यकता है, ताकि सरकार और समाज पूंजीवाद के सतत, विश्वसीय, उत्तरदायी और समानता समर्थक स्वरूप को उभार सकें। 1960 से 1980 के दौरान पर्यावरणीय चिंतन विकास और अर्थव्यवस्था से जुड़े पहलुओं में बहस का विशेष मुद्दा बन गया। दो ऐतिहासिक दस्तावेज 'Limits to Growth report' (Meadows et al., 1972) और 'World Conservation Strategy' (IUCN–UNEP–WWF, 1980) ने पर्यावरणीय मुद्दों को वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में उभारने में मदद की। सतत विकास को लेकर सामने आने वाले तर्कों ने न सिर्फ पूंजीवादी अर्थव्यवस्था को पर्यावरणीय गुणवत्ता की ओर ध्यान देने की ओर प्रेरित किया, बल्कि यह भी तर्क दिया कि मौजूदा विकास

मॉडल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। दूसरी ओर, वैश्विक संरक्षण नीतियां मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति पर आधारित थीं। ये सामाजिक–आर्थिक ढांचों या वितरण में बदलाव के बजाय पर्यावरणीय परिवर्तनों की पक्षधर रहीं और इन नीतियों में ही सबसे पहले सतत विकास शब्द का इस्तेमाल किया गया। यद्यपि इन नीतियों में पर्यावरणीय पहलुओं की चिंता उभरी, लेकिन सामाजिक–आर्थिक ढांचे को भी इसमें पर्याप्त स्थान मिला, जिसने निर्णय प्रक्रिया में सहभागिता, मानव जीवन की गुणवत्ता में सुधार और वैश्विक अर्थव्यवस्था में नवीनीकरण पर जोर दिया। हमारा भविष्य विस्तृत स्वरूप में सुधार का पक्षधर है, लेकिन कई मामलों में यह यथास्थिति की ओर झुकता दिखता है।

रूपांतरण (Transformation): यह विचार मानता है कि सामाजिक मुद्दे पर्यावरण से संबद्ध हैं, जो मानव और पर्यावरण के अंतर्संबंधों पर निर्भर करते हैं। संकट और विध्वंस से बचने के लिये आर्थिक तंत्र और शक्ति ढांचे में रूपांतरण की आवश्यकता है, क्योंकि इनमें कई ऐसी समस्याएं अंतर्निहित हैं जो मानव जीवन और पर्यावरणीय सततता से जुड़ती हैं। कई बार राजनीतिक ढांचा और वैज्ञानिक तर्क सामाजिक और राजनीतिक कार्यों की जरूरत महसूस करते हैं, जिनमें शक्ति केन्द्र से बाहर के पारंपरिक समूहों, निर्धन, कामगार वर्ग, महिलाओं को भी शामिल किया जाता है। यह समूह उन लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जो या तो पर्यावरण अथवा सामाजिक–आर्थिक या फिर इन दोनों विचार पर प्राथमिकता से केन्द्रित होते हैं। रूपांतरण के भी दो तरीके हैं:

सतत विकास के बिना रूपांतरण (Transformation Without Sustainable Development):इस प्रक्रिया में सामाजिक–आर्थिक अथवा पर्यावरणीय मुद्दों के रूपांतरण की जरूरत महसूस की जाती है। हालांकि, कई बार इसकी सतत विकास से सीधे संबद्धता नहीं होती। उदाहरण के लिये, पारिस्थितिकी के कट्टर समर्थकों के लिये पर्यावरण ही प्राथमिक मुद्दा होता है, जिसके लिये वे प्रकृति और पर्यावरण के स्वाभाविक आंतरिक तत्वों–मूल्यों पर बल देते हैं। आर्न नेस और जॉर्ज सेसन्स (1984) ने गहन पारिस्थितिकी अभियान (Deep Ecology Movement) की अवधारणा दी, जिन्हें 'Eight Points of Deep Ecology' माना जाता है:

- पृथ्वी पर मनुष्यों और गैर मनुष्यों के जीवन की कुशलता और पोषण का विचार उनके भीतर ही आंतरिक मूल्यों, पीढ़ीगत मूल्यों और अनुवांशिक मूल्यों के रूप में स्थित है। ये मूल्य गैर मनुष्य विश्व के मानवीय उद्देश्यों की पूर्ति के लिये उपयोगी हैं।
- जीवन की समृद्धि और विविधता इन मूल्यों के संरक्षण, स्थापना और संवर्द्धन में मदद करती हैं, जिससे मूल्यों में समानता का भाव बना रहता है
- पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति से इतर मानवों को इस जैवसमृद्धि और जैवविविधता को कम करने का कोई अधिकार नहीं है
- मानव जीवन और संस्कृति का फलना–फूलना कम मानव आबादी के अनुकूल होता है, इसी तरह गैर मानव जीवन के विकास के लिये भी कम मानव आबादी की आवश्यकता होती है
- मौजूदा दौर में गैर मानव विश्व में मानवीय हस्तक्षेप जरूरत से ज्यादा बढ़ गया है और यह स्थिति तेजी से बदतर होती जा रही है

- ऐसी स्थिति में नीतियों में परिवर्तन आवश्यक है, ये नीतियां ही बुनियादी आर्थिक, तकनीकी और वैचारिक ढांचे को प्रभावित करेंगी और इनके जरिये मिलने वाले परिणाम मौजूदा दौर से काफी अलग होंगे
- वैचारिक परिवर्तन का तात्पर्य जीवन की गुणवत्ता के पीढ़ीगत मूल्यों को बनाये रखने से है, न कि जीवनस्तर में भौतिक सुधार से, बड़प्पन (Bigness) और महानता (Greatness) में अंतर समझने के लिये वृहद जागरूकता की जरूरत है
- जो भी उपरोक्त बिंदुओं को लागू करते हैं, प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से आवश्यक परिवर्तन लागू करना उनका कर्तव्य हो जाता है

पारिस्थितिकी विशेषज्ञों की तुलना में सामाजिक विशेषज्ञ सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को खत्म करने के लिये सामाजिक परिवर्तनों की जरूरत जताते हैं। यह माना जाता है कि पूंजीवाद से स्वतंत्र मानवीय कौशल सभी समस्याओं से पार पा सकता है।

सतत विकास के साथ रूपांतरण (Transformation With Sustainable Development): वह समूह अथवा लोग जिनका दृष्टिकोण सामाजिक और पर्यावरणीय दोनों तरह के सवालों के जवाब तलाशता है, विचारों की एक विस्तृत श्रृंखला से गुजरते हैं। वे मानते हैं कि समाज और पर्यावरण पर मंडरा रहे संकट परस्पर संबंधित हैं और समय रहते आमूल परिवर्तन नहीं किया गया तो इनके नष्ट होने का खतरा बढ़ जाता है। यह संभव है कि ऐसे कई अभियानों में सतत विकास शब्द का उस तरह इस्तेमाल नहीं किया गया हो, जैसा कि आधिकारिक एवं शैक्षिक वर्गों में किया जाता है, लेकिन इनका उद्देश्य भी यही रहा कि पर्यावरण के भीतर असमानता और निर्धनता से रहित जीवन कैसे जीया जाये। इस दृष्टिकोण का तर्क है कि अधिकतर बुनियादी समस्याएं मौजूदा सामाजिक व्यवस्था में ही अवस्थित हैं, जिसका आधार मानव समूह के बहुत छोटे किन्तु शक्तिशाली लोगों द्वारा पर्यावरणीय संसाधनों का अंधाधुंध दोहन है। इसलिये यह विचार सामाजिक समानता का पक्षधर है, जिसमें जीवनस्तर, बेहतर स्वास्थ्य, संसाधनों, आर्थिक तथा राजनीतिक निर्णयों में सक्रिय सहभागिता के अवसर उपलब्ध हों।

सामाजिक समानता की गैरमौजूदगी में पर्यावरण का नुकसान अपरिहार्य तथा अनिश्चित होता है। उदाहरण के लिये (Figure 3) जीवनस्तर की सुरक्षा यानी सतत उपभोग का लक्ष्य तभी हासिल हो सकता है, जबकि पर्यावरणीय सुरक्षा अर्थात प्राकृतिक उत्पादन और वितरण की व्यवस्था को सतत बनाये रखने की दिशा में निरंतर चिंतन किया जाये।



Figure 4: Mapping the livelihood and environmental sustainability

सतत विकास के लिये चले विभिन्न अभियान अलग–अलग तरीके से पर्यावरण, सामाजिक, आर्थिक और वैश्वीकरण विरोधी संघर्ष के अगुवा बने। यथास्थिति के दृष्टिकोण के लिये ये बड़ी चुनौती रहे। सतत विकास के रूपांतरण का दृष्टिकोण विचारों के सतत आदान–प्रदान की प्रक्रिया है, जो कई बार वर्गीकरण को कठिन बना देती है, लेकिन इनके माध्यम से विचार और कार्यशैली दोनों ही समृद्ध होती हैं (Hopwood et al., 2005)। सतत विकास यथार्थ प्रारूप के बजाय विस्तृत अवधारणात्मक ढांचा है। समूहों में इसका वर्गीकरण ही सामान्यीकरण है और इस प्रक्रिया में यह बिन्दु वाद–विवाद का विषय हो सकता है कि किस समूह की सीमा कहां तक है, सीमा स्पष्ट भी है या नहीं। व्यक्ति और समूहों के विचार समय के साथ बदलते रहते हैं। ऐसे में दृष्टिकोण के भीतर भी कई तर्क जन्मते हैं।

5.2.1: सतत समुदाय (Sustainable Community)

सतत समुदाय की अवधारणा का लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है, जब रूपांतरण दृष्टिकोण को आत्मसात कर लिया जाये, जो सामाजिक और पर्यावरणीय, दोनों को पुष्ट करता है। पर्यावरण एवं समाज

अंतर्संबंधित हैं और इस प्रकार वे एक–दूसरे के कल्याण के लिये (सतत उत्पादन तथा सतत उपभोग के जरिये) महत्वपूर्ण हो जाते हैं। Figure 4 से हम सतत समुदाय के विचार को आसानी से समझ सकते हैं।

इसमें सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय मुद्दों को एकसाथ रखकर स्पष्ट किया गया है।

Figure 5: Mapping Sustainable community

5.3: सतत पर्वतीय विकास ैनेजंपदंइसम डवनदजंपद क्मअमसवचउमदज)

पर्वत वै"वक महत्व की नाजुक पारिस्थितिकी का हिस्सा हैं। पर्वतों की पहचान जल के असीम स्रोत, समृद्ध जैवविविधता के संरक्षक, मनोरंजन–पर्यटन क्षेत्र और सांस्कृतिक एवं विरासती क्षेत्र के रूप में की जाती है ;प्च्ब्ए 2007य ैंतउं मज ंसण्ए 2010द्धण वै"वक पारिस्थितिकी के अस्तित्व और सफल संचालन के लिये पर्वतीय पारिस्थितिकी का अक्षुण्ण रहना आव"यक है। 1992 में रियो कांफ्रेंस में पर्वतीय पारिस्थितिकी के महत्व को स्पष्ट किया गया। बताया गया कि दुनिया की दस फीसदी आबादी पानी, जंगल, कृषि उत्पाद, पोषक तत्वों आदि आव"यकताओं की पूर्ति के लिये प्रत्यक्ष रूप से पर्वतीय संसाधनों पर ही निर्भर हैं। यही नहीं, घाटियों और मैदानी क्षेत्रों में रहने वाली आबादी भी पानी के लिये पर्वतों पर ही निर्भर हैं, क्योंकि इन स्थानों को पानी उपलब्ध कराने वाली नदियां पर्वतों से निकलती हैं। एजेंडा 21 में यह दृष्टिकोण भी उभरकर आया कि दुनिया की करीब 40 फीसदी आबादी मध्यम अथवा निम्न जलस्रोत वाले क्षेत्रों में रह रही है। आबादी में लगातार वृद्धि और पर्यटन, आर्थिक गतिविधियों के नाम पर पर्वतीय क्षेत्रों तक लोगों की पहुंच के बढ़ने का परिणाम पर्यावरणीय नुकसान के रूप में सामने आ रहा है। एजेंडा 21 ने हिमालयी क्षेत्रों में आबादी की बढ़ोतरी के कारण फसली भूमि के विस्तार के कारण हो रहे पर्यावरणीय नुकसान पर वि"ोष ध्यान दिलाया है।

5.3.1: पर्वतों में सतत विकास के मुद्दे (Issues of Sustainable Development in Mountains)

पर्वतीय मुद्दों को लेकर जागरूकता और अच्छे परिणामों के बावजूद रिपोर्ट कई बाधाओं को भी उजागर करती है, जो सतत पर्वतीय विकास, पर्वतीय समुदायों और उनके पर्यावरण के लिये अब भी खतरा बनी हुयी हैं:

- बढ़ती आबादी और घटते स्रोतों के चलते पानी और अन्य प्राकृतिक संसाधनों की निरंतर बढ़ती मांग
- पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से पर्वतों पर जरूरत से अधिक भीड़ का बोझ लगातार बढ़ना
- मौसम चक्र में बदलाव के कारण कृषि, स्वास्थ्य, ग्लेशियरों, जल स्रोतों, जैवविविधता पर बुरा असर
- बादल फटना, अचानक बाढ़, सूखा, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं में लगातार बढ़ोतरी
- शिक्षा के अभाव, रोजगार और अवस्थापना सुविधाओं की कमी, सशक्तीकरण तथा क्षमता संसाधनों के विकास को लेकर उपेक्षात्मक रवैये के कारण बढ़ता पलायन
- संसाधनों तक पहुंच, उनके उपभोग, लाभ वितरण, संसाधनों के प्रबंधन को लेकर अंतर्विरोध, साथ ही मानव और वन्यजीवों के बीच भी संघर्ष में वृद्धि
- औद्योगीकरण, खनन और कृषि का दबाव, जिसका लक्ष्य सिर्फ अधिक से अधिक उत्पादन है
- कम उत्पादन, विकल्पों की कमी, प्राकृतिक संसाधनों की बेहद सीमित पहुंच अथवा पहुंच पर प्रतिबंध के कारण खाद्य असुरक्षा

5.3.2: मार्गदर्शक सिद्धांत (**Guiding Principles**)

सतत पर्वतीय विकास का लक्ष्य निम्न सिद्धांतों को अपनाकर हासिल किया जा सकता है:

- **विशिष्ट पर्वतीय नीतियां (Mountain Specific Strategies)**: वैश्विक सतत विकास की प्रक्रिया में पर्वतीय क्षेत्र विशिष्ट चुनौती और हरित अर्थव्यवस्था के अवसर भी पेश करते हैं। ऐसे में प्रभावी कार्यों के लिये लक्ष्याधारित नीतियां तैयार करना आवश्यक हो जाता है, विशेषकर राष्ट्रीय स्तर पर। वैश्विक व क्षेत्रीय संस्थान, सम्मेलन और कार्यनीतियां, (जैसे– UN Framework Convention on Climate Change, the UN Convention on Biological Diversity, and the UN Convention to Combat Desertification) को पर्वतीय क्षेत्रों में विशिष्ट कार्यों, उद्देश्यों की पूर्ति से जोड़ा जाना चाहिये।
- **सीमापार सहयोग (Transboundary Co-operation)**: कई पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र और उनकी सेवाएं राष्ट्रीय सीमाओं के भी पार जाती हैं, इसके अलावा अधिकतर पर्वतीय सेवाएं पर्वतीय क्षेत्रों के मुकाबले मैदानी क्षेत्रों को अधिक लाभान्वित करती हैं। ऐसे में सीमापार सहयोग तथा मैदानी–पर्वतीय संयोजन प्रभावोत्पादकता को बढ़ा सकता है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में परस्पर आर्थिक निर्भरता बढ़ाने के अलावा पर्वतीय क्षेत्रों, निचले नगरों और निकायों के बीच सहयोग–समन्वय भी विकसित करना आवश्यक है।
- **शासन एवं संस्थान (Governance and Institutions)**: एजेंडा 21 भावी कार्यशैली के लिये मूल तत्व है, जो बताता है कि बेहतर परिणाम के लिये सभी हितधारकों की सहभागिता आवश्यक है। विशेष तौर पर पर्वतीय आबादी को नियोजन और नीतियों को लागू करने तक निर्णय लेने की प्रक्रिया में सहभागी बनाया जाना चाहिये।
- **पारिस्थितिकी वस्तुओं और सेवाओं की भरपाई (Compensation for Ecosystem Goods and Services)**: पर्वतीय आबादी को पारिस्थितिकी सेवाओं और वस्तुओं के उपभोग के बदले मदद करने से स्थानीय आजीविका के नये साधन विकसित होंगे, जिनसे निर्धनता कम होगी और आवश्यक वस्तुओं–सेवाओं का सतत प्रवाह बना रहेगा, जो सबके लिये लाभकारी होगा।
- **संतुलित विकास एवं संरक्षण (Balance Conservation and Development)**: पर्वतीय पारिस्थितिकी बेहद नाजुक होती है। नियंत्रण से बाहर के विभिन्न कारणों से पर्वतीय क्षेत्र अकसर विकास की दौड़ में पीछे रह जाते हैं। ऐसे में विकास और संरक्षण में संतुलन का होना बहुत जरूरी है। समृद्ध स्थानीय और क्षेत्रीय ज्ञान तथा लक्षित निवेश इस उद्देश्य की पूर्ति करने में मददगार हो सकता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सिद्धांतों से अनुकूलता (Coherence with Principles of International Cooperation)**: पर्वतीय क्षेत्रों में मौजूदा और परिवर्तनशील सिद्वांतों, नियमों व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। इनमें विभिन्न दायित्वों के निर्वहन, आंतरिक और अंतरपीढ़ीगत समानता, सुरक्षात्मकता, सीमापार सहयोग, पुरुषों–महिलाओं और बच्चों के मानवाधिकार, पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण आदि पहलू शामिल हैं।

5.4: निष्कर्ष (Conclusion)

सभी दृष्टिकोणों के समर्थक परिवर्तन के विचार के पक्षधर हैं, भले ही वे आर्थिक सुधार के जरिये हो या सामाजिक सुधार या फिर पर्यावरणीय सुधार के माध्यम से। हालांकि, सतत विकास के समर्थक मानते हैं कि समाज में परिवर्तन की आवश्यकता है, लेकिन यहां सतत विकास की प्रकृति, आवश्यक परिवर्तन, परिवर्तन

के कारक और साधनों को लेकर तर्क–वितर्क की गुंजाइश बनी रहती है। ऐसा करने के दौरान अधिकतर लोग मौजूदा राजनीतिक और दार्शनिक दृष्टिकोण को सामने रखते हैं, जिसके चलते लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा भटक सी जाती है और असमंजस की स्थिति पनपती है। ऐसा इसलिये होता है, क्योंकि कोई राजनीतिक मुद्दा किसी व्यक्ति के लिये अधिक महत्व का हो सकता है, लेकिन दूसरे के लिये नहीं। चूंकि, सतत विकास को लेकर कोई दृढ़ एकल सिद्धांत, दर्शन अब तक सामने नहीं आया है, लिहाजा 'सतत विकासवाद' भी धरातल पर नजर नहीं आता (Hopwood et al., 2005).

कुछ अवसरों पर सुधार और रूपांतरण के समर्थक अपने तर्कों को इसलिये हल्का कर लेते हैं कि शासन अथवा व्यावसायिक गतिविधियां सततता के साथ चलते रहें। यथास्थिति एवं रूपांतरण दृष्टिकोणों के समर्थकों के बीच बुनियादी अंतर है। यथास्थिति समर्थक एक तरफ तो प्रबंधन के जरिये मौजूदा निर्णय निर्धारण ढांचे में परिवर्तन चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर रूपांतरण समर्थक मौजूदा ढांचे के भीतर और बाहर राजनीतिक क्रियाओं के जरिये परिवर्तन की मंशा रखते हैं। पर्यावरणीय मुद्दों को लेकर वैश्विक जागरूकता के बावजूद भी सतत विकास वैश्विक नीतियों में उच्च स्थान नहीं रखता है। यहां तक कि मौसम चक्र में परिवर्तन, भुखमरी जैसे मसले भी समाचारों और राजनीतिक बहस का अपेक्षित हिस्सा नहीं बन पाते। हालांकि, सतत विकास के मूल बिन्दु यानी पर्यावरण और समानता ने काफी हद तक राजनीतिक एजेंडा पर दबाव तो बनाया है। सतत विकास का सामान्य मॉडल पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था के तीन अलग–अलग, लेकिन एक–दूसरे से संबद्ध चक्रों पर आधारित है। इस तरह हर चक्र में होने वाला बदलाव दूसरे पर असर डालता है।

मानव–पर्यावरण संबंधों को इस तरह देखा जाना चाहिये कि मानवता पर्यावरण पर ही निर्भर है, जिसमें समाज का भी अस्तित्व है और अर्थव्यवस्था समाज पर निर्भर है। मानव पर्यावरण के दायरे में ही अपने अस्तित्व और कुशलता का प्रयास करते हैं, लिहाजा सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर चिंतन के दौरान पर्यावरण के विषय को नकारा नहीं जा सकता है। वैज्ञानिक शोधों से मिले तथ्यों ने साफ किया है कि मौसम चक्र में आ रहा बदलाव औद्योगीकरण, अंधाधुंध दोहन और अनुचित उत्पादन जैसी लगातार बढ़ती मानवीय गतिविधियों का परिणाम है और पर्यावरण से सीधे जुड़े होने के कारण इसका नुकसान सबसे अधिक मानव समुदाय को ही उठाना पड़ा है। इस बिन्दु को ध्यान में रखते हुये विभिन्न विद्वानों ने चेताया है कि समाज की भलाई के लिये यथास्थिति का समर्थन उचित नहीं होगा, अभी नही ंतो भविष्य में हमें सतत विकास की ओर कदम बढ़ाना ही होगा। हालांकि, निश्चित एवं समयबद्ध सुधार के चलते रूपांतरण के दृष्टिकोण को सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक समस्याओं के निस्तारण का सबसे प्रभावी तरीका माना जाता है।

5.5: सन्दर्भ (Refernces)

1) Alier JM. 2003. Problems of ecological degradation: environmental justice or ecological modernization. Capitalism Nature Socialism 14: 133.
2) Barton H. 2000. Conflicting perceptions of neighbourhood. In Sustainable Communities, Barton H (ed.). Earthscan: London; 3–18.

3) Blowers A. 1993. The time for change. In Planning for a Sustainable Environment, Blowers A (ed). Earthscan: London; 1–18.
4) Dobson A. 2000. Sustainable development and the defence of the natural world. In Global Sustainable Development in the 21st Century, Lee K, Holland A, McNeill D (eds). Edinburgh University Press: Edinburgh; 49–60.
5) Douthwaite R. 1992. The Growth Illusion. Green: Bideford.
6) Dryzek J. 1997. The Politics of the Earth. Oxford University Press: Oxford.
7) Giddings B, Hopwood B, O'Brien G. 2002. Environment, economy and society: fitting them together into sustainable development. Sustainable Development 10: 187–196.
8) Hardin G. 1968. Tragedy of the commons. In Valuing the Earth: Economics, Ecology Ethics, Daly H, Townsend K (eds). MIT Press: Cambridge, MA; 127–143.
9) Hardin G. 1974. Living on a lifeboat. BioScience 24: 10.
10) Hardi P, Zdan T. 1997. Assessing Sustainable Development. International Institute for Sustainable Development: Winnipeg.
11) Haughton G. 1999. Environmental justice and the sustainable city. Journal of Planning Education and Research 18: 233–243.
12) Hopwood, B., Mellor, M., & O'Brien, G. (2005). Sustainable development: mapping different approaches. Sustainable development, 13(1), 38-52.
13) IUCN, UNEP, WWF. 1980. World Conservation Strategy: Living Resource Conservation for Sustainable Development. IUCN: Gland, Switzerland.
14) IPCC [Intergovernmental Panel on Climate Change]. 2007. Climate Change 2007: Synthesis Report. Contribution of Working Groups I, II, and III to the Fourth Assessment Report of the IPCC. Geneva, Switzerland: IPCC.
15) Lomborg B. 2001. The Sceptical Environmentalists: Measuring the Real State of the World. Cambridge University Press: Cambridge.
16) Marcuse P. 1998. Sustainability is not enough. Environment and Urbanization 10: 103–111.
17) Meadows D, Meadows D, Randers J, Behrens W. 1972. The Limits to Growth: a Report for the Club of Rome's Project on the Predicament of Mankind. Earth Island: London.
18) Meadows D, Meadows D, Randers J. 1992. Beyond the Limits: Global Collapse or a Sustainable Future. Earthscan: London.

19) Merchant C. 1992. Radical Ecology. Routledge: London.
20) Naess, A. and Sessions, G. 1984. Basic principles of deep ecology. Ecophilosophy, 6: 3–7.
21) O'Riordan T. 1989. The challenge for environmentalism. In New Models in Geography, Peet R, Thrift N (eds). Unwin Hyman: London; 77–102.
22) OECD. 2001. Policies to Enhance Sustainable Development. OECD: Paris.
23) Sachs W. 1999. Planet Dialectics. Zed: London.
24) Sharma E, Chettri N, Oli K. 2010. Mountain biodiversity conservation and management: A paradigm shift in policies and practices in the Hindu Kush–Himalayas. Ecological Research 25:909–923.
25) Simon J, Kahn H (eds). 1984. The Resourceful Earth: a Response to Global 2000. Blackwell: Oxford.
26) United Nation 1992. AGENDA 21. United Nations Conference on Environment & Development Rio de Janerio, Brazil, 3 to 14 June 1992.
27) Wackernagel M, Rees W. 1996. Our Ecological Footprint. New Society: Gabriola Island, Canada.
28) World Bank. 2000. World Development Report 2000–2001: Attacking Poverty. Oxford University Press: New York.
29) World Business Council for Sustainable Development. 1998. Trade Environment and Sustainable Development: a Briefing Manual. World Business Council for Sustainable Development: Geneva.
30) World Commission on Environment and Development (WCED). 1987. Our Common Future. Oxford University Press: Oxford.

इकाई -6
विकास प्रेरित विस्थापन के कारण, परिणाम और चुनौतियां
Causes, Consequences and Challenges of Development Induced Displacement

6.0 उद्देश्य
6.1 परिचय
6.2 विस्थापन के प्रकार
6.3 विस्थापन के कारण
6.4 विकास प्रेरित विस्थापन
6.5 विकास प्रेरित विस्थापन के परिणाम
6.6 आंतरिक विस्थापन के निर्देशक सिद्धांत
6.7 सन्दर्भ

6.0 उद्देश्य
इस इकाई के अध्ययन का उद्देश्य विकास के कारण होने वाले विस्थापन को गहराई से जानना–समझना है। इकाई के अध्ययन के बाद हम इस विस्थापन के कारणों, इसके परिणामों और इसकी वजह से सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जान सकेंगे।

6.1 परिचय
पृथ्वी एक नाजुक, संवेदन''ील, अंतर्संयोजित व्यवस्थाओं और तंत्र के एक अतुल्य जटिल नेटवर्क वाला ग्रह है, जिसका विकास साढ़े चार लाख वर्षों से भी अधिक समय से लगातार जारी है। धरती पर जीवन के प्रारंभ के साथ हर वस्तु, घटना के पीछे प्राकृतिक विकास की प्रक्रिया रही है। हालांकि, प्रजाति के रूप में मानवों के विकास ने इस प्राकृतिक श्रेणीक्रम को प्रभावित करना शुरू किया है। सात अरब से अधिक आबादी के साथ मनुष्यों ने पृथ्वी की प्राकृतिक व्यवस्था पर खासा असर डाला है। मानव इतिहास इस बात का प्रतीक रहा है कि व्यक्तिगत अधिकार और मानवता के लक्ष्य को पूरा करने की जरूरत है। हालांकि, ऐतिहासिक रूप से कई बार समाजों ने व्यक्तिगत अधिकारों और सत्ता''ाक्ति, राज्य के बीच संतुलन बनाये रखने का प्रयास किया है (Terminski, 2013). कई बार संतुलन की इस प्रक्रिया में संसाधनों, जीवनस्तर, आजीविका आदि के लिये बेहतर और समृद्ध स्थानों की ओर विस्थापन, पलायन देखा जाता है। पलायन कई बार स्वैच्छिक (निजी आव''यकताओं की पूर्ति के लिये) हो सकता है, लेकिन कई बार यह बलात अथवा अनैच्छिक (विद्रोह के कारण अथवा विकास गतिविधियों के संचालन के कारण) भी हो सकता है।

International Organization for Migration के अनुसार बलात पलायन में कोई व्यक्ति उत्पीड़न, दमन, प्राकृतिक और मानवनिर्मित आपदाओं, पारिस्थितिकीय अपमानक या जीवन को खतरे में डालने वाली परिस्थितियों से बचाव, स्वतंत्रता अथवा बेहतर आजीविका के लिये एक से दूसरे स्थान की ओर जाता है। इस तरह विस्थापित होने वाले लोगों को बलात पलायित या विस्थापित या कई बार दे''ा के भीतर ही विस्थापित शरणार्थी भी कहा जाता है। World Migration Report 2018 के अनुसार वर्ष

2015 में 24 करोड़ से अधिक लोग अंतर्राष्ट्रीय विस्थापित थे, जो वैि"वक जनसंख्या का करीब 3.3 प्रति"ात था। यहां यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि पलायन करने वाले अधिकतर लोग सीमाओं को पार नहीं करते, वे उसी दे"ा की सीमाओं के भीतर रहना चाहते हैं जहां उनका जन्म हुआ। इसके चलते किसी दे"ा के भीतर ही विस्थापित होने वाले लोगों की बड़ी संख्या रहती है। हाल के वर्षों में आंतरिक यानी दे"ा के भीतर और सीमापार यानी एक से दूसरे दे"ा में पलायन करने वाले लोगों की संख्या में खासा इजाफा दर्ज किया गया है। इस तरह के पलायन की वजह नागरिक और अंतर्राज्यीय, अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष हैं। वर्ष 2016 के आकलन के अनुसार 4.03 करोड़ लोगों ने अपने–अपने दे"ा के भीतर ही विस्थापन किया, जो वर्ष 2015 में 4.08 करोड़ के आंकड़े से कुछ कम रहा। वहीं, वर्ष 2018 में 2.25 करोड़ अंतर्राष्ट्रीय शरणार्थी दुनियाभर में थे, जिनमें पांच लाख के करीब म्यांमार से भारत और बांग्लादे"ा में आने वाले रोहिंग्या रहे।

Table 1. International migrants, 1970–2015

Year	Number of migrants	Migrants as a % of world's population
1970	84,460,125	2.3%
1975	90,368,010	2.2%
1980	101,983,149	2.3%
1985	113,206,691	2.3%
1990	152,563,212	2.9%
1995	160,801,752	2.8%
2000	172,703,309	2.8%
2005	191,269,100	2.9%
2010	221,714,243	3.2%
2015	243,700,236	3.3%

Source: Adapted from World Migration Report 2018

6.2 विस्थापन के प्रकार (Types of Displacement)

विस्थापन को मुख्यतः तीन श्रेणियों में बांटकर देखा जा सकता हैः

- **स्वैच्छिक विस्थापन (Voluntary Displacement):** यह ऐसी परिस्थिति है, जब कोई आबादी स्वयं अपने विस्थापन के लिये प्रयास करती है। उस पर कोई बाहरी दबाव नहीं होता है।

- **बलात या मजबूरन विस्थापन (Forced Displacement):** इस प्रक्रिया में किसी परिवार या समुदाय को उनकी इच्छा के विपरीत और विरोध के बावजूद विस्थापित कर दिया जाता है।

- **प्रेरित विस्थापन (Induced Displacement):** जब विकास एजेंसियों द्वारा उत्पन्न परिस्थितियों (जब मौजूदा प्राकृतिक पर्यावरण में आजीविका के लिहाज से रह पाना मुश्किल हो जाता है) के कारण प्रभावित समुदाय और आबादी विस्थापन की मांग करते हैं। इन परिस्थितियों के कारण संबंधित लोगों को विकास एजेंसियों के उत्पीड़न, दबाव का सामना करना पड़ता है। उनकी आजीविका पर तमाम प्रतिबंध लग जाते हैं, बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पातीं और विकास परियोजनाओं के चलते संरक्षित किये गये क्षेत्र से उन्हें बाहर जाना पड़ता है। हालांकि, प्रेरित विस्थापन को हालिया दौर में कई बार गलती से स्वैच्छिक मान लिया जाता है।



Figure 1: A framework for understanding the causes and consequences of displacement

6.3 विस्थापन के कारण (Causes of Displacement)

लोगों का पलायन सामाजिक परिवर्तन का स्वरूप है जो विभिन्न कारकों से होता है, जिसमें हथियारबंद संघर्ष सबसे आम है। हालांकि, प्राकृतिक आपदाएं, नागरिक संघर्ष, विकास और आर्थिक गतिविधियां, सूखा आदि भी मानवीय विस्थापन के कारण हैं। विश्वभर में आबादी के बढ़ते दबाव, भूमि पर शहरीकरण के दबाव, बेहद त्वरित आर्थिक विकास, अवस्थापना ढांचे की बढ़ती जरूरतों ने हाल के दशकों में विस्थापन और पलायन को लगातार बढ़ाया है। सामान्यतः अधिकतर विस्थापन में मानवाधिकारों का हनन स्पष्ट देखा जा सकता है। विस्थापन के कारकों को हम निम्नवत विस्तार से जान सकेंगेः

- **हथियारबंद युद्ध और नागरिक विद्रोहः** देश के भीतर और एक से अन्य देश में मानव आबादी के बलात विस्थापन के पीछे का यह सबसे प्रमुख कारण है। इस तरह के विस्थापन के पीछे मुख्यतः राजनीतिक, सामाजिक, पारंपरिक और धार्मिक कारण होते हैं। उदाहरण के लिये सीरिया,

अफगानिस्तान और सोमालिया में युद्ध के दौरान भारी पलायन दर्ज किया गया। विश्वभर में शरणार्थियों की कुल संख्या का 54 प्रतिशत हिस्सा इन तीन देशों का ही रहा। सीरिया इस मामले में सबसे आगे रहा, जहां से 49 लाख से अधिक लोग दूसरे देशों में शरण लेने पर मजबूर हुये। इसी तरह अफगानिस्तान से 27 लाख से अधिक और सोमालिया से 11 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुये।

- **प्राकृतिक आपदाएंः** बादल फटना, बाढ़, भूस्खलन, भूकंप, ज्वालामुखी, वनाग्नि, सुनामी, हरीकेन–टॉरनेडो तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाएं भी मानव आबादी के विस्थापन की मुख्य वजह है। इस तरह का विस्थापन दरअसल, अस्तित्व को बचाये रखने के प्रयास के तौर पर होता है। प्राकृतिक आपदाओं और इनके कारण आजीविका, संसाधनों को हुये नुकसान, पर्यावरणीय हानि के कारण वर्ष 2009 से 2010 तक पांच करोड़ से अधिक लोग दुनियाभर में विस्थापित हुये। वर्ष 2009 में भारत में बाढ़ और तूफान के कारण आयी सबसे बड़ी आपदा 50 लाख लोगों के विस्थापन की वजह बनी। इसी तरह 2010 में पाकिस्तान में आयी बाढ़ के कारण 15 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुये। सुनामी, ज्वालामुखी, भूकंप जैसी आपदाओं के कारण वर्ष 2008 से 2010 के बीच विभिन्न देशों में 1.6 करोड़ लोग विस्थापित हुये। वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा, जम्मू–कश्मीर में बाढ़ ने भी करीब 10 लाख लोगों को विस्थापन के लिये मजबूर किया।

- **आर्थिक विकासः** विकास संबंधी गतिविधियों ने भी मानव आबादी को अपने घरों, गृहक्षेत्र और राज्य से आर्थिक विकास के उद्देश्य से विस्थापन के लिये मजबूर किया है। ऐतिहासिक रूप से इस तरह का विस्थापन मुख्यतः बांधों के निर्माण, सिंचाई परियोजनाओं, खनन, सड़क, रेलमार्ग, नहरों, बंदरगाहों, एयरपोर्ट आदि के विकास के कारण होता है।

- **वन्यजीव प्रबंधन और संरक्षणः** नेशनल पार्क, टाइगर रिजर्व, एलीफेंट रिजर्व, वन्यजीव अभ्यारण्य और संरक्षित क्षेत्रों के कारण भी बड़ी आबादी को विस्थापित होना पड़ता है। उदाहरण के लिये उत्तराखंड में कॉर्बेट नेशनल पार्क, राजाजी नेशनल पार्क के आसपास और वनक्षेत्रों के भीतर रहने वाले लोगों को संरक्षित क्षेत्रों से निकालकर विस्थापित किया गया है।

- **मानव तस्करी और गुलामीः** कई देशों में लोग इसलिये पलायन करते हैं कि वे शोषण से बचे रहें। चूंकि मानव तस्करी जैसी गतिविधियां बेहद गुप्त होती हैं, इनके संबंध में अधिक और सही आंकड़ा उपलब्ध नहीं हो पाता है। 15वीं से 19वीं सदी तक अफ्रीका, एशिया और अमेरिका में दो करोड़ से अधिक लोगों को बंधक बनाकर गुलाम बनाने के लिये विस्थापित किया गया था।

- **पारंपरिक समुदायों के संघर्षः** कई बार शक्तिशाली समूह किसी क्षेत्रविशेष में रहने वाले पारंपरिक समुदाय को खदेड़ देता है। इसके पीछे शक्तिशाली समूह का खुद की परंपरा को बढ़ावा देने का मकसद होता है। ऐसे हालिया उदाहरणों में म्यांमार शामिल है, जहां से कई लोग दो समूहों के बीच चल रहे संघर्ष के चलते विस्थापित हुये हैं।

इनके अलावा विस्थापन तब भी सामने आता है, जब विस्थापित होने वाली आबादी प्रथम विस्थापन की जगह पर भी अवसरों और अवस्थापना का अभाव अनुभव करती है। इसे द्वितीयक विस्थापन कहा जाता है

और यह एक के बाद एक कई विस्थापनों की वजह बन सकता है। बलात विस्थापन की प्रक्रिया विस्थापित लोगों को अकसर निर्धनता की ओर धकेल देती है, क्योंकि विस्थापन की नयी जगह पर सामान्यतः प्रभावी जीवन जीने के लिये विस्थापित आबादी के मूल स्थान के मुकाबले पर्याप्त अवसरों का अभाव रहता है।

6.4 विकास प्रेरित विस्थापन (Development Induced Displacement)

भारत जैसी तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था में सरकार विकास और अवस्थापना ढांचे की स्थापना के लिये बड़ी मात्रा में भूमि अधिग्रहण करती है। आंकड़े बताते हैं कि 90 के दशक में विकास परियोजनाओं की स्थापना के लिये भारत में दस करोड़ के करीब लोगों को विस्थापित होना पड़ा। दुनियाभर में करोड़ों लोग इसी तरह विस्थापित हुये हैं। रॉबिन्सन (2003) ने विकास के कारण विस्थापन की कुछ श्रेणियों को स्पष्ट किया है। इनमें शहरी अवस्थापना विकास, परिवहन सुविधा का विकास– सड़कें, हाईवे, नहरें, जल वितरण– बांध निर्माण, जल संरक्षण क्षेत्र, सिंचाई परियोजनाएं, ऊर्जा– हाइड्रोपावर, कोयला प्लांट, न्यूक्लियर प्लांट, तेल पाइपलाइन, खनन, कृषि विस्तार, पार्क–वन संरक्षित क्षेत्र और आबादी पुनर्व्यवस्था योजनाएं शामिल हैं।

विकास प्रेरित विस्थापन को समस्याओं का कारण माना जाता है। मुख्यतः जब यह आबादी के किसी विशेष वर्ग को लक्षित करता है, जिनमें निर्धन, पारंपरिक, जातीय, धार्मिक–राजनीतिक अल्पसंख्यक, पारंपरिक जनजातीय और अन्य उपेक्षित समूह होते हैं। ऐसी स्थिति में कई बार देखा जाता है कि विकास प्रक्रियाओं के चलते मानवाधिकारों का हनन होने लगता है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के स्तर पर निर्देशक सिद्धांतों का ध्यान रखा जाना आवश्यक होता है, जो अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों, संयुक्त राष्ट्र संघ, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं, गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा तैयार किये जाते हैं।

भारत में विकास प्रेरित विस्थापन का इतिहास

भारत में विश्व की सर्वाधिक विकास परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। भारत में 19वीं सदी के प्रारंभ से ही विकास गतिविधियों के कारण आबादी के विस्थापन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी थी। औपनिवेशिक काल के दौरान झारखंड में कोयला खदानों, बंगाल और असोम में चाय बागान (जहां बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड के लोग गुलामों की तरह काम किया करते थे), कर्नाटक में कॉफी और ऐसी ही कई योजनाएं प्रारंभ की गयीं। इन सभी परियोजनाओं के विकास के लिये बड़ी मात्रा में भूमि की जरूरत को देखते हुये भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में कई संशोधन किये गये। भूमि अधिग्रहण के चलते लाखों लोगों को विकास के लिये विस्थापित होना पड़ा। वर्ष 2013 तक भारत में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया Permanent Settlement 1793 तथा Land Acquisition Act 1894 के तहत पूरी होती थीं। वर्ष 2013 में Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 तैयार किया गया, जो एक जनवरी 2014 से लागू हुआ। इस कानून के दो पहलू हैं, पहला यह कि राज्य (शासन) हर तरह की जैवविविधता, प्राकृतिक संसाधनों और भूमि का उपयोग एवं स्वामित्व ले सकता है, दूसरा राज्य को इस बात का पूर्ण अधिकार है कि वह सार्वजनिक लाभ के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुये निजी जमीनों पर काबिज लोगों को विस्थापित कर सके।

भारत में स्वतंत्रता के पश्चात चार दशकों में 2.1 करोड़ से अधिक लोग विभिन्न विकास परियोजनाओं के कारण विस्थापित हुये, जिनमें जनजातीय समुदायों की 40 प्रतिशत संख्या रही (Robinson 2003). अप्रत्यक्ष विस्थापन लोगों को पारंपरिक आजीविका संसाधनों से दूर कर देता है। 1950 से 1960 के दशक में भारतीय पारंपरिक समाज इसी वजह से आधुनिक और जटिल समाज के तौर पर बदलता देखा गया। तकनीकी, पूंजी संबंधी पहल और विकास परियोजनाओं के बड़े पैमाने पर संचालन ने भारतीय समाज की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान की। लेकिन, विकास की इस पूरी प्रक्रिया ने भारतीय समाज के निर्धनतम वर्गों, जनजातियों और वनवासी समूहों को और अधिक निर्धनता की ओर धकेल दिया, क्योंकि वे अपनी पारंपरिक आजीविका, प्राकृतिक संसाधनों, संपत्तियों और सामाजिक ढांचे से दूर होते चले गये। इन चुनौतियों को देखते हुये नव विकासवाद का उभार हुआ, जिसमें निर्धनता उन्मूलन, पर्यावरणीय संरक्षण, सामाजिक न्याय, मानवाधिकार आदि पहलुओं को शामिल करने की कोशिश की गयी। सरदार सरोवर बांध और नर्मदा नदी पर सिंचाई परियोजनाएं भारत की ऐसी सर्वाधिक विवादित परियोजनाएं रहीं, जिन्हें भारत में विकास प्रेरित विस्थापन का बड़ा उदाहरण माना जा सकता है। परियोजना का शिलान्यास अप्रैल 1961 में प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने किया था और इसका उद्घाटन वर्तमान पीएम श्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर 2017 को किया। सरकार का दावा है कि सरदार सरोवर परियोजना से गुजरात में सूखा प्रभावित 18 लाख हेक्टेअर और राजस्थान में 75 हजार हेक्टेअर भूमि को सिंचाई का पानी, 24 लाख लोगों को पीने का पानी उपलब्ध हुआ। परियोजना के चलते तीन लाख 20 हजार लोगों को विस्थापित किया गया और हजारों लोगों की आजीविका पर भी असर पड़ा। विभिन्न शोधों का आकलन है कि भारत में बीते 50 वर्षों में बांधों के कारण कम से कम दो करोड़ 16 लाख (VijayaParanjpye 1988), दो करोड़ से चार करोड़ के बीच (Taneja and Thakkar, 2000), कुल मिलाकर पांच करोड़ लोग (Negi and Ganguly, 2011), छह करोड़ (Fernandes 2014) विस्थापित हुये।

हिमालयी राज्यों में विकास प्रेरित विस्थापन

हिमालयी राज्यों में विकास प्रेरित विस्थापन वैश्विक चिंता का विषय रहा है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड में एशिया का सबसे बड़ा बांध टिहरी जलविद्युत परियोजना बना है, जो उत्तर भारत के बड़े हिस्से को बिजली, पेयजल और सिंचाई का पानी उपलब्ध कराता है। बांध के पानी के लिये बनाये गये रिजर्वायर ने न सिर्फ टिहरी नगर को डुबो दिया, बल्कि 120 से अधिक गांव पूर्ण या आंशिक रूप से डूब क्षेत्र में आ गये। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब एक लाख लोगों को देहरादून और अन्य स्थानों पर विस्थापित किया गया, लेकिन ये लोग अब देहरादून में एयरपोर्ट के विस्तारीकरण और अन्य कारणों से फिर विस्थापन की जद में आ गये हैं। 1970 और 1980 में उत्तराखंड में नेशनल पार्कों के कारण भी बड़ी आबादी का विस्थापन हुआ। The Corbett National Park (1936) और Tiger Reserve (1973) के कारण रामनगर और काशीपुर से 500 से अधिक परिवार विस्थापित किये गये। इसी तरह Rajaji National Park (1983) से 1500 गुज्जर परिवारों को हरिद्वार के आसपास पथरी, गैंडीखाता और अन्य स्थानों पर विस्थापित किया गया। इसके अलावा विकास के कारण पर्वतीय जिलों से लोगों का मैदानी जिलों की ओर विस्थापन भी लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इस प्रक्रिया के संबंध में अभी विस्तार से शोध, दस्तावेजीकरण नहीं किया जा सका है।

6.5 विकास प्रेरित विस्थापन के परिणाम (Consequences of Development Induced Displacement)

विश्व बैंक से संबद्ध समाजशास्त्री मिशेल सर्निया ने दो दशक तक विकास प्रेरित विस्थापन का अध्ययन किया। उन्होंने पाया कि विस्थापित किये जाने वाले लोगों को उनकी संपत्तियों के बदले मुआवजा और स्वयं को नये स्थान पर बेहतर ढंग से स्थापित करने के लिये सहयोग करने की व्यवस्था तो है, लेकिन हर बार ऐसा नहीं हो पाता। उन्होंने विस्थापन के आठ सामाजिक–आर्थिक परिणामों को स्पष्ट किया है। इसके अलावा दो अन्य परिणाम Terminski (2013) से लिये गये हैं।

सामाजिक–आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिणाम

- **भूमिहीनता:** भूमि वह संसाधन है, जिस पर लोगों की आजीविका, आर्थिक गतिविधियां स्थापित होती हैं। विथापित होने वाले लोगों के पूंजीहीन हो जाने का यह बड़ा कारण है कि उन्हें अपनी पारंपरिक जमीन और इसके जरिये निर्मित पूंजी से अलग होना पड़ता है। उदाहरण के लिये– भारत में भूमि के बदले दिया जाने वाला नगद मुआवजा (यानी अधिग्रहीत भूमि के बदले भूमि नहीं देना) देने से कई जगह वनवासी और अन्य अशिक्षित, उपेक्षित समुदायों के लिये नुकसानदायक साबित हुआ।

- **रोजगार का अभाव:** रोजगार का अभाव शहरी और ग्रामीण दोनों तरह के विस्थापन की बड़ी चुनौती है। लोग अपने मूल स्थान पर विभिन्न तरह के रोजगार, सेवाओं, कृषि आदि से जुड़े हुये होते हैं। लेकिन नयी जगह पर विस्थापित होते ही उनके लिये रोजगार के नये अवसर उत्पन्न करना बेहद मुश्किल हो जाता है। उदाहरण के लिये– विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिये कुल 2330 परिवार विस्थापित किये गये। लेकिन, विस्थापन के बाद इनमें से 1298 ही चिह्नित किये जा सके और इनमें भी 272 ही परिवारों को नौकरी या स्वरोजगार के जरिये पुनर्वासित किया जा सका।

- **आवासहीनता:** आवास का अभाव विस्थापित होने वाले कम ही लोगों के लिये समस्या बनता है, लेकिन आवासीय मानकों की कमी उनके लिये परेशानी का बड़ा सबब रहता है। सांस्कृतिक तौर पर देखें तो किसी परिवार का अपने वर्षों पुराने घर, किसी समूह का वर्षों पुराने सांस्कृतिक स्थान को छोड़कर आना उन्हें अकेलेपन की ओर धकेल देता है।

- **उपेक्षा:** यह स्थिति तब उत्पन्न होती है, जब संबंधित परिवार अपनी आर्थिक शक्ति गवां देते हैं और स्वयं के विकास के लिहाज से बेहद निचले पायदान पर जा पहुंचते हैं। नयी जगह पर जाने के बाद अधिकतर लोग बहुत तेजी से आर्थिक गतिविधियों में शामिल नहीं हो पाते। इसके चलते उनकी पूंजी कमाने की क्षमता निष्क्रिय होती जाती है और वे सामाजिक–मनोवैज्ञानिक रूप से उपेक्षा का शिकार होने लगते हैं। उनमें आत्मविश्वास का अभाव स्पष्ट होने लगता है, कई बार उन्हें ऐसा भी महसूस होता है कि अपने मूल स्थान से एक बिल्कुल नयी, अनजानी जगह पर भेजकर उनके साथ नाइंसाफी की गयी है।

- **खाद्य असुरक्षा:** बलात विस्थापन लोगों को कई बार पोषण की अस्थायी अथवा गंभीर जोखिम में डाल देता है। इसे इस तरह समझा जा सकता है कि मानव शरीर के लिये आवश्यक प्रोटीन

कैलोरी उन्हें उपलब्ध नहीं हो पाती या अगर मिल भी जाये तो यह इतनी अधिक नहीं होती कि उनका सामान्य शारीरिक विकास संभव हो सके।

- **रुग्णदर एवं मृत्युदर में वृद्धिः** आबादी का भारी पलायन स्वास्थ्य के स्तर में गिरावट का कारण बनता है। विस्थापन के कारण मानसिक–मनोवैज्ञानिक तनाव, चिंता, अवसाद जैसी बीमारियां आदि सामने आती हैं। इसके अलावा मलेरिया जैसे रोगों का भी खतरा रहता है। असुरक्षित पेयजल सप्लाई, खराब सीवेज व्यवस्था, डायरिया और अन्य संक्रामक रोगों का कारण बनते हैं। इसके चलते जनसंख्या की सबसे कमजोर कड़ियां यानी नवजात, बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

- **सार्वजनिक संपत्ति तक पहुंच का अभावः** निर्धन लोगों के लिये सार्वजनिक संपत्तियों जैसे वन, जलस्रोत आदि तक पहुंच मुश्किल हो जाती है। इसका उनकी आय और आजीविका के स्तर पर बेहद नकारात्मक असर पड़ता है।

- **सामाजिक पृथक्कीकरणः** बलात विस्थापन का बुनियादी गुण यह है कि यह मौजूदा सामाजिक ढांचे को पूरी तरह छिन्न–भिन्न कर देता है। यह कई स्तर पर देखा जा सकता है। लोगों को विस्थापित किये जाने पर पारंपरिक उत्पादन व्यवस्था खत्म हो जाती है। दशकों–सदियों से चली आ रही आवासीय व्यवस्था ढह जाती है। परिवार, आस–पड़ोस और सामाजिक परिवेश छितर–बितर हो जाता है। ग्राहक–उपभोक्ता के पुराने संबंध खत्म हो जाते हैं। औपचारिक और अनौपचारिक समन्वय, स्थानीय प्रबंधन, प्राचीन बाजार, स्थानिक महत्व के प्रतीक अदि सभी अचानक से समाप्त हो जाते हैं। नये स्थान पर विस्थापित लोगों के लिये अपनी सामाजिक–सांस्कृतिक पहचान बना पाना बेहद जटिल हो जाता है। कुल मिलाकर इस पूरी प्रक्रिया का असर यह होता है कि सामाजिक ताना–बाना बिल्कुल छिन्न–भिन्न हो जाता है।

- **सामुदायिक सुविधाओं तक पहुंच का अभावः** इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा समेत विभिन्न पहलुओं को शामिल किया जा सकता है। विस्थापन के चलते बच्चों की शिक्षा में या तो विलंब होने लगता है अथवा इस पर होने वाला खर्चा पहले से अधिक बढ़ जाता है। उदाहरण के लिये ओडिशा में सालंदी सिंचाई परियोजना के चलते विस्थापित हुये परिवारों के लिये बसायी गयी कॉलेनियों में बच्चों के लिये सरकार की ओर से करीब दस साल बाद भी स्कूल नहीं बनाये गये थे।

- **मानवाधिकारों का उल्लंघनः** किसी व्यक्ति को उसके मूल स्थान से विस्थापित करना और पर्याप्त मुआवजा दिये बिना उसका घर–जमीन ले लेना अपने आप में मानवाधिकार का उल्लंघन है। इनके अलावा उपरोक्त वर्णित बिंदु भी नागरिक और राजनैतिक अधिकारों के उल्लंघन का ही स्वरूप माने जा सकते हैं। कुल मिलाकर विस्थापन की प्रक्रिया मानवाधिकारों को खतरे में डालती है और कई बार यह पहले से अवस्थित आबादी समूह में विस्थापित समूह को शामिल करने के दौरान हिंसा का भी कारण बन जाती है।

मानवाधिकारों के उल्लंघन पर विस्तार से बात करें तो विकास प्रेरित विस्थापन निम्न तरह से उल्लंघन का कारण बनता है। इन बिंदुओं को बालकृष्णन राजगोपाल ने मानवाधिकार चुनौतियों के रूप में स्पष्ट किया है और इन्हें टर्मिनेस्की के प्रतिपादन से लिया गया है।

- **स्वयं के विकास और आत्मनिर्णय का अधिकारः** 1986 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने Right to Development की घोषणा की। इसके तहत कहा गया कि प्रत्येक और सभी व्यक्ति आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक विकास में सहभागिता, योगदान और लाभान्वित होने के अधिकारी हैं, जिसमें सभी मानवाधिकार और बुनियादी स्वतंत्रताएं पूरी तरह परिलक्षित होती हैं। घोषणा में लोगों के आत्मनिर्णय और प्राकृतिक संसाधनों से उपेक्षित नहीं रहने का भी अधिकार दिया गया है। हालांकि, अधिकतर मामलों में इन अधिकारों के हनन की बात सामने आती है।

- **सहभागिता का अधिकारः** सहभागिता का अधिकार International Bill of Human Rights के तहत वर्णित है, जो Universal Declaration of Human Rights (UDHR), International Covenant on Civil and Political Rights (ICCPR) और International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights (ICESCR) का संयोजन है। विशेष रूप से वर्ष 1991 में International Labor Organization Convention Concerning Indigenous and Tribal Peoples in Independent Countries (ILO Convention 169) के अनुच्छेद 7 में कहा गया है कि पारंपरिक और जनजातीय लोगों को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय नियोजन, विकास प्रक्रियाओं को लागू करने, योजनाएं बनाने तथा मूल्यांकन में शामिल किया जाना चाहिये, क्योंकि इन सबका सीधा असर इन लोगों पर ही पड़ता है। हालांकि, अधिकतर मामलों में स्थानीय लोगों की सहमति नहीं लिये जाने और उन्हें नजरअंदाज किये जाने की बात सामने आती है।

- **जीवन और आजीविका का अधिकारः** जब सुरक्षाबल लोगों को बलात हटाते हैं या विकास परियोजनाओं के चलते नागरिकों को विस्थापित किया जाता है तो यह सीधे तौर पर जीवन के अधिकार के लिये चुनौती बन जाता है। जीवन का अधिकार UDHR (Article 3) और ICCPR (Article 6) में वर्णित है। इसी तरह घरों, पर्यावास के छिन जाने से आजीविका का अधिकार भी हनन होता है, क्योंकि लोगों से उनकी पारंपरिक खेती, शिकार, स्थानीय व्यापार आदि विस्थापन के कारण छिन जाते हैं। UDHR (Articles 17 and 23, respectively) और Article 6 ICESCR ने संपत्ति के अधिकार को स्पष्ट किया है। इतना ही नहीं, Article 11 ICESCR स्पष्ट करता है कि राज्य व संबंधित संस्थाओं को प्रतिज्ञा देनी होगी कि वे प्रत्येक व्यक्ति के स्वयं और परिवार के साथ जीवन यापन के अधिकार, भोजन, आवास, कपड़े और उसकी जीवन परिस्थितियों में निरंतर सुधार पर दृढ़ हैं। जीवन के अधिकार में पर्यावरण का अधिकार भी शामिल है, जो जीवन और सततता के लिये आवश्यक है। The Convention on Biological Diversity (CBD) 1992 के अनुसार राज्य मौजूदा और भावी पीढ़ियों के लाभ के लिये जैवविविधता के संरक्षण, सततता के लिये प्रतिबद्ध है।

पर्यावरणीय परिणाम

विकास प्रेरित विस्थापन बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय प्रभावों का भी कारक बनता है। इसका असर खाली किये जाने वाले स्थान और विस्थापन की नयी जगह पर भी होता है। ये प्रभाव विकास परियोजनाओं के लिये लाभकारी हो सकते हैं, जैसे– वन्यजीवों और जैवविविधता के लिये विकास के अवसर उपलब्ध हो पाते हैं। लेकिन कई बार वन्यजीवों और उनके पर्यावास पर इसके असर भी नजर आते हैं। विभिन्न शोध, अध्ययनों से इसके निम्न परिणाम स्पष्ट होते हैं।

- **भूउपयोग परिवर्तनः** विस्थापित की जाने वाली आबादी के लिये स्कूल, आवास, अस्पताल, परिवहन, संचार आदि बुनियादी सुविधाओं के विकास की आवश्यकता होती है, जिसके लिये जमीन जरूरी है। आमतौर पर नदियों के किनारे, कृषि भूमि और वन भूमि का इस्तेमाल इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिये किया जाता है। इस दौरान भूउपयोग में किया जाने वाला परिवर्तन कई पर्यावरणीय परिणामों की वजह बनता है, जिनमें पर्यावास का नुकसान, जलाच्छादित क्षेत्रों में कमी आदि शामिल हैं। हाल के वर्षों में इस तरह के क्षेत्रों में नगरीय विकास में खासी तेजी दर्ज की गयी है।

- **जैवविविधता पर प्रभावः** प्राकृतिक क्षेत्रों के आसपास विस्थापन के चलते कई बार अव्यवस्थाएं उत्पन्न होती हैं, जिसका जैवविविधता पर गहरा असर होता है। कई जीव प्रजातियां इस दौरान नष्ट हो जाती हैं। विकास परियोजनाओं के कारण वन्यजीवों के कई कॉरिडोर समाप्त हो चुके हैं। इसके अलावा वन्यजीवों के लिये भोजन का संकट भी इससे बढ़ता जाता है। यह सब कई बार मानव–वन्यजीव संघर्ष का भी कारण बनता है।

- **जल संसाधन पर प्रभावः** विस्थापन की नयी जगह पर जनसंख्या का दबाव बढ़ने से पानी की मांग खासी बढ़ जाती है, जिसके चलते जलस्रोतों पर बुरा असर पड़ता है और जलस्तर में गिरावट आने लगती है। इतना ही नहीं, कृषिकार्य में रसायनों के इस्तेमाल से भी जलस्रोतों के पानी की गुणवत्ता खराब होती है। आसपास के प्राकृतिक जलस्रोतों में प्रदूषण लगातार बढ़ता जाता है, जो जलीय जीवों के लिये भी घातक होता है।

- **प्राकृतिक संसाधनों पर असरः** विस्थापन के नये स्थान पर प्राकृतिक संसाधनों पर भी दबाव बढ़ जाता है। यह संसाधनों के लुप्ति के कगार पर पहुंच जाने का कारण बन जाता है। इससे प्राकृतिक संसाधन न सिर्फ खत्म होने लगते हैं, बल्कि उनकी गुणवत्ता पर भी गहरा नकारात्मक असर पड़ता है।

6.6 आंतरिक विस्थापन के निर्देशक सिद्धांत (Guiding Principles of Internal Displacement)

मानवीय विस्थापन से जुड़े परिणामों, समस्याओं, मसलों के निस्तारण के लिये मानक सिद्धांत निर्धारित किये गये हैं। The United Nation Commission on Human Right (UNCHR) ने 1998 में आंतरिक विस्थापन प्रक्रिया को वैश्विक विषय मानते हुये निर्देशक सिद्धांत दिये। ये सिद्धांत आंतरिक रूप से विस्थापित होने वाले लोगों के मानवाधिकार, मानवीय नियमों, संरक्षण, पुनर्वास जैसे मसलों का ध्यान रखते हैं। इन सिद्धांतों

में अधिकारों का पूरा ख्याल रखा गया है और वे लोगों की बलात विस्थापन से संरक्षा में सहायक होते हैं। ये सिद्धांत अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार नियमों को बढ़ावा देते हैं। ये सिद्धांत निम्न को निर्देशित करते हैं:

- महासचिव के प्रतिनिधि को आंतरिक विस्थापित लोगों के संबंध में शासनादेश देने के बाबत
- राज्यों को, जब वे आंतरिक विस्थापन के घटनाक्रम का सामना कर रहे होते हैं
- अन्य सभी अधिकरणों, समूहों, संस्थाओं और व्यक्तियों को, जो आंतरिक विस्थापित होने वाले लोगों से संबद्ध हों
- अंतर्सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों का जब वे आंतरिक विस्थापन प्रक्रिया में शामिल हों

इन सिद्धांतों को और बेहतर तरीके से समझने के लिये **Agenda item 9 b Report of the Representative of the Secretary-General, Mr. Francis M. Deng, submitted pursuant to Commission resolution 1997/39. Addendum: Guiding Principles on Internal Displacement**(UNCHR 1998) को देखा जाना चाहिये

6.7 सन्दर्भ (References)

1) Agnihotri A. (1994).The Orissa Resettlement and Rehabilitation of Project-Affected Persons Policy: An analysis of its robustness with reference to the Impoverishment Risks Model, In A.B. Ota and A. Agnihotri (*eds.*), Involuntary Resettlement in Dam Projects. New Delhi: PrachiPrakashan.
2) Asian Development Bank (2000). Special Evaluation Study on the Policy Impact of Involuntary Resettlement, Manila, Philippines.
3) Cernea M. (1988). Involuntary Resettlement in Development Projects: Policy Guidelines in World Bank-Financed Projects.
4) CerneaM. (1999). Why Economic Analysis is Essential to Resettlement: A Sociologist's View. In Michael Cernea (ed) The Economics of Involuntary Resettlement: Questions and Challenges (Washington, DC: World Bank).
5) Cernea M., McDowell C. (2000). Risks and reconstruction: experiences of resettlers and refugees. Washington (DC): World Bank.
6) Cernea M. (2000). Risks, safeguards and reconstruction: a model for population displacement and resettlement. Economics and Political Weekly. 35:3659–3678.
7) CerneaM. (2006). Re-examining 'displacement': a redefinition of concepts in development and conservation policies. Social Change. 36:8–35.

8) Cernea M, Schmidt K. (2006). Poverty risks and national parks: policy issues in conservation and resettlement. World Development. 34:1808–1830.

9) CBD (2004). Akwe′: kon – Voluntary guidelines for the conduct of cultural, environmental and social impact assessment regarding developments proposed to take place on, or which are likely to impact on, sacred sites and on lands and waters traditionally occupied or used by Indigenous and local communities. Montreal: Secretariat of the Convention on Biological Diversity.

10) Fernandes W. (1991). Power and Powerless: Development Projects and Displacement of Tribals, Social Action, Vol. 41, 242-68.

11) Frank V. (2017). Project-induced displacement and resettlement: from impoverishment risks to an opportunity for development?, Impact Assessment and Project Appraisal, 35:1, 3-21.

12) Government of India (2007). The National Rehabilitation and Resettlement Policy, Ministry of Rural Development, New Delhi: Government of India.

13) Government of India (2013). Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013. The Gazette of India. 26 September 2013.

14) Human Development Report (1990). Defining & Measuring Human Development, United Nation Development Programme, Oxford University Press, New York.

15) International Labor Organization Convention Concerning Indigenous and Tribal Peoples in Independent Countries, 1991.

16) IOM (2018). World Migration Report 2018. International Organization for Migration. ISBN 978-92-9068-742-9.

17) Iyer R. (2007). Towards a Just Displacement and Rehabilitation Policy, Economic and Political Weekly, Vol.42, No.30.

18) Siddiqui K. (2012). Development and Displacement in India: Reforming the Economy towards Sustainability, 25th International Congress on Condition Monitoring and Diagnostic Engineering, Journal of Physics: Conference Series. 364 012108.

19) Kothari A. (2009). Displacement & Relocation of protected areas: A synthesis & analysis of case studies. Economic & Political Weekly, Vol XLIV(49): 37-47.

20) Mahapatra L.K. (1992). Development for Whom? Depriving the Disposed Tribals, In W. Fernandes (*Eds*.): National Development and Deprivation. Indian Social Institute, New Delhi.

21) Negi N.S and Ganguly S. (2010). Development Project vs. Internally Displaced Population in India: A Literature Based Appraisal, Bad Salzuflen, Germany.

22) ParasuramanS. (1995). Development Projects and Displacement: Impact on Families, The Indian Journal of Social Work, Vol.56, p.195-210.

23) Rajagopal B. (2002). The Violence of Development," Washington Post, August 9, 2002.

24) Randell H. (2016). The short-term impacts of development-induced displacement on wealth and subjective well-being in the Brazilian Amazon. World Development, November 2016, 87: 385–400.

25) Robinson C.W. (2003).Risks and Rights: The Causes, Consequences, and Challenges of Development-Induced Displacement. Occasional Paper. The Brookings Institution-SAIS Project on Internal Displacement, May 2003.

26) Sharma R.N. and Singh S.R. (2009). Displacement in Singrauli Region: Entitlements and Rehabilitation, Economic and Political Weekly, 19th December, Mumbai.

27) Singh S. (1997). Taming the Waters, New Delhi: Oxford University Press.

28) Stanley J. Development-induced displacement and resettlement.

29) Taneja B. and Thakkar H. (2000). Large Dams and Displacement in India. Cape Town, South Africa: Submission no. SOC166 to the World Commission on Dams.

30) Terminski B. (2013). Development-Induced Displacement and Resettlement: Theoretical Frameworks and Current Challenges. Geneva, May 2013.

31) United Nations Commission on Human Rights. Freedom of Movement and Population Transfer, UN Doc: E/CN.4/Sub.2/1997/29, August 28, 1997.

32) United Nations Commission on Human Rights. Sub-Commission on Prevention of Discrimination and Protection of Minorities. Expert Seminar on the Practice of Forced Evictions (Geneva, June 11-13, 1997), UN Doc: E/CN.4/Sub.2/1997/7, July 2, 1997.

33) United Nations, Department of Economic and Social Affairs, Population Division (2009). World Population Prospects: The 2008 Revision, Highlights, Working Paper No. ESA/P/WP.210

34) UNCHR (1998). Report of the Representative of the Secretary-General, Mr. Francis M. Deng, submitted pursuant to Commission resolution 1997/39. *Addendum on:* Guiding Principles on Internal Displacement, Introductory note to the Guiding Principles.

35) World Commission on Environment and Development (1998). Our Common Future, Delhi: Oxford University Press.

36) World Commission on Dams (2000), Dams and Development: A new framework for decision-making. London: Earthscan.

इकाई **7**

पर्यावरणीय प्रबंधनः भूमि, जल एवं वन
(Environmental Management: Land, Water and Forests)

7.0: उद्देश्य (Objectives)

7.1: परिचय (Introduction)

7.2: पर्यावरण क्या है (What is Environment)

7.3: पर्यावरणीय प्रबंधन (Environmental Management)

7.3.1: भूमि प्रबंधन (Land Management)

7.3.2: जल प्रबंधन (Water Management)

7.3.3: वन प्रबंधन (Forest Management)

7.4: जनसहयोग एवं जागरूकता (Public Inputs and Awareness)

7.5: सन्दर्भ (References)

7.0: उद्देश्य (Objectives)

इस इकाई के अध्ययन का उद्देश्य पर्यावरण एवं इसके महत्व को समझना है। इसके अलावा हम इस इकाई के अध्ययन के बाद विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों के पर्यावरणीय प्रबंधन को भी जान सकेंगे।

7.1: परिचय (Introduction)

पर्यावरण यानी **Environment** शब्द की उत्पत्ति फ्रेंच शब्द इन्वायरनिया (Environia) से हुई है, जिसका अर्थ होता है परिवेश अथवा चारों ओर से (Surround) होता है। यह जैविक (Living) और अजैविक (Physical or Non-living) दोनों तरह के पर्यावरण को समाहित करता है। इस तरह इसका अर्थ उस परिवेश से है, जिसमें जीव जीते हैं। पर्यावरण एवं जीव (Organism) प्रकृति के गतिशील और मिश्रित घटक हैं। पर्यावरण मानव समेत सभी जीवों के जीवन को नियंत्रित करता है। मनुष्य अन्य जीवों की अपेक्षा पर्यावरण से अधिक क्षमता से जुड़ाव रखता है। सामान्यतः पर्यावरण उन सामग्रियों और बलों का समूह है जो जीवों की जीवनचर्या को चारों ओर से घेरे रहते हैं। यह भौतिक, जैविक और सांस्कृतिक घटकों का समूह है, जो व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से एक–दूसरे से जुड़े हुए रहते हैं। पर्यावरण उन परिस्थितियों का समूह है, जिनमें किसी जीव को अस्तित्वमान रहना होता है अथवा अपनी जीवन प्रक्रिया को व्यवस्थित रखना होता है। यह जीवों के विकास और जीवनप्रक्रिया को प्रभावित करता है।

7.2: पर्यावरण क्या है (What is Environment)

पी. गिस्बर्ट के अनुसार, 'पर्यावरण का अर्थ हर उस चीज से है जो किसी वस्तु–जीव को चारों ओर से घेरे हुए हो और उस पर प्रत्यक्ष प्रभाव का दबाव डालती हो।' वहीं, ईजे रॉस मानते हैं, 'पर्यावरण एक बाहरी बल है जो हमें प्रभावित करता है।' इस तरह पर्यावरण हर उस चीज, परिवेश को माना जा सकता है जो जीवनचर्या को प्रभावित करता हो। मानव जीवन के लिहाज से देखें तो पर्यावरण वह वस्तु अथवा घटक है जो हमसे अलग होने के बावजूद हमारे जीवन और गतिविधियों पर असर डालता है। मानव जिस पर्यावरण से घिरा रहता है, वह प्राकृतिक के अलावा कृत्रिम, सामाजिक, जैविक और मनोवैज्ञानिक भी हो सकता है।

7.2.1: पर्यावरण के घटक (Components of Environment)

पर्यावरण मुख्यतः चार घटकों वायुमंडल (Atmosphere), जलमंडल (Hydrosphere), स्थलमंडल (Lithosphere) और जीवमंडल (Biosphere) का समूह है, लेकिन इसे फौरी तौर पर दो प्रकारों सूक्ष्म पर्यावरण (Micro Environment) और वृहद पर्यावरण (Macro Environment) में बांटा जा सकता है। इसे दो अन्य प्रकारों में भी देखा जा सकता है, ये हैं– भौतिक (Physical) और जैविक (Biotic)।

1. सूक्ष्म पर्यावरण का अर्थ जीवों के निकटतम स्थानीय परिवेश से है।

2. वृहद पर्यावरण का तात्पर्य हर भौतिक, जैविक परिस्थिति से है जो जीवों को बाहर से घेरे रहती हैं।

3. भौतिक पर्यावरण का अर्थ सभी अजैविक (Abiotic) कारकों और परिस्थितियों से है। उदाहरण के लिये तापमान, प्रकाश, मिट्टी, वर्षा, खनिज आदि। इसमें वायुमंडल, स्थलमंडल और जलमंडल भी शामिल होते हैं।

4. जैविक पर्यावरण में जीवों के सभी जैविक कारक शामिल होते हैं, जैसे पौधे, पशु–पक्षी, मानव, सूक्ष्म जीव आदि।

7.3: पर्यावरणीय प्रबंधन (Environmental Management)

मिट्टी (Soil), पानी (Water) और वनस्पतियां (Vegetation) तीन बुनियादी प्राकृतिक संसाधन हैं। सृष्टि (Creation) का अस्तित्व इन पर निर्भर करता है और प्रकृति ने इन्हें मनुष्य को खजाने (Assets) के रूप में दिया है। विस्तार से देखें तो भूमि, जल, जैवविविधता, आनुवंशिक संसाधन, जैविक ऊर्जा, जंगल, पालतू पशु, जलचर, पादप आदि सभी प्राकृतिक संसाधन हैं। अब अगर हम इन्हें अपने बुनियादी संसाधनों के तौर पर देखते हैं तो यह जरूरी हो जाता है कि हम इनके प्रबंधन के लिये आवश्यक उपाय करें।

प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन का अर्थ जल, मिट्टी, वनस्पतियों, पशुओं के इस तरह प्रबंधन से है, जो वर्तमान जीवन की गुणवत्ता में तो वृद्धि का जरिया बने ही, आने वाली पीढ़ियों के लिये भी लाभकारी हो। प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन वह व्यवस्था है, जिसमें मानव समुदाय और प्राकृतिक परिदृश्य एक–दूसरे से जुड़ते हैं। इसमें भूमि उपयोग प्रबंधन, जल प्रबंधन, जैवविविधता संरक्षण और कृषि, खनन, पर्यटन, मत्स्य पालन और वानिकी जैसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। इससे स्पष्ट होता है कि जीव और उनकी जीवनचर्या

प्राकृतिक परिदृश्य की उत्पादकता और अच्छी गुणवत्ता पर निर्भर होते हैं और प्रबंधक के रूप में उनकी भूमिका प्राकृतिक परिदृश्य की सेहत, उत्पादकता और गुणवत्ता को बनाये रखने के लिये महत्वपूर्ण है।

Figure 1.

प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन मुख्यतः संसाधनों की वैज्ञानिक और तकनीकी समझ तथा पारिस्थितिकी व संसाधनों की जीवनोपयोगी क्षमताओं पर केन्द्रित रहता है। पर्यावरणीय प्रबंधन भी प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के ही समान है।

Figure 2.



पारिस्थितिकी संतुलन और पारिस्थितिकी स्थायित्व दोनों प्रकृति के स्तर पर स्वतः व्यवस्थित रहती हैं, लेकिन आधुनिक औद्योगिक दौर में भारी मात्रा में औद्योगीकरण, तकनीकी क्रांतियों, परिवहन के लगातार नये साधनों, संसाधनों के अंधाधुंध दोहन और अनियोजित शहरीकरण ने पारिस्थितिकी संतुलन को खराब किया

है। दूसरे शब्दों में कहें तो आधुनिक आर्थिक और तकनीकी मनुष्य की मानवीय गतिविधियों ने मानव समुदाय और पर्यावरण के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंध को बिगाड़ दिया है। इसलिये, पर्यावरणीय प्रबंधन वह प्रक्रिया बन गयी है जो पर्यावरण और मानव समुदाय के बीच समावेशी संबंधों को बेहतर कर सके और मनुष्य की विध्वंसकारी गतिविधियों को निरीक्षित–नियंत्रित कर संरक्षण, नियमितीकरण और प्रकृति के पुनर्जीवन की दिशा में काम कर सके।

पर्यावरण प्रबंधन प्रक्रिया का अर्थ मनुष्य–प्रकृति के बीच तर्कसंगत संबंध से है, जिसमें दोहन की उचित प्रक्रिया और प्राकृतिक संसाधनों का पारिस्थितिकी संतुलन व पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाए बिना उपभोग करने से है। प्राकृतिक संसाधनों का आवश्यकता से अधिक दोहन किये जाने की स्थिति किसी भी देश के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिये नुकसानदेह हो सकती है। इस तरह पर्यावरणीय प्रबंधन प्रक्रिया में पारिस्थितिकी सिद्धांतों के साथ समाज के सामाजिक–आर्थिक जरूरतों को भी ध्यान में रखना आवश्यक हो जाता है। यानी एक ओर तो सामाजिक–आर्थिक विकास को बाधित नहीं होने देना होता, वहीं दूसरी ओर पर्यावरणीय गुणवत्ता को भी प्रभावित किये बिना व्यवस्थित रखना होता है।

Figure 3.



उपरोक्त चर्चा से यह स्पष्ट है कि पर्यावरणीय प्रबंधन के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं:

1. सामाजिक–आर्थिक विकास
2. जीवमंडल का स्थायित्व और व्यक्तिगत पारिस्थितिकी तंत्र का स्थायित्व (C.C. Park 1981).

पर्यावरणीय प्रबंधन के विस्तृत लक्ष्यों में ये भी शामिल होते हैं:

1. पर्यावरणीय समस्याओं की पहचान और इनके समाधानों की तलाश
2. प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और उपभोग को नियंत्रित करना और अत्यधिक दोहन पर रोक
3. पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई करना और प्राकृतिक संसाधनों का नवीनीकरण
4. पर्यावरणीय प्रदूषण और गुणवत्ता का नियंत्रण करना
5. प्राकृतिक आपदाओं और दुर्घटनाओं को कम करना
6. प्राकृतिक संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग

7. मौजूदा तकनीकों की निरंतर समीक्षा और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से परिष्कृत करना
8. प्रस्तावित योजनाओं–परियोजनाओं और गतिविधियों के पर्यावरण पर असर का आकलन
9. पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए नियमों का निर्धारण और इन्हें लागू करवाना

पर्यावरणीय प्रबंधन के पांच बुनियादी पहलू (5 Fundamental Aspects of Environmental Management)

1. पर्यावरणीय संवेदना और जनजागरूकता: इसमें निम्न बिंदु शामिल होते हैं:

1. पर्यावरणीय संवेदना और जनजागरूकता के संसाधन
2. पर्यावरणीय संवेदना का स्तर
3. पर्यावरणीय योजना एवं प्रबंधन की प्रक्रिया में पर्यावरणीय संवेदना की भूमिका

2. पर्यावरणीय शिक्षण एवं प्रशिक्षण: स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पर्यावरण संबंधी शिक्षा और प्रशिक्षण दिया जाना चाहिये, ताकि छात्र पर्यावरण के विषय में संवेदनशील बनें और इसके संरक्षण में काम करें।

3. संसाधन प्रबंधन: इसमें निम्न बिन्दु शामिल रहते हैं:

1. प्राकृतिक संसाधनों का वर्गीकरण
2. पारिस्थितिकी संसाधनों का सर्वेक्षण और मूल्यांकन
3. संसाधनों का बचाव
4. संसाधनों का संरक्षण

4. प्रदूषण और पर्यावरणीय नुकसान पर नियंत्रण: इसे निम्नवत समझा जा सकता है:

1. प्रदूषण पर नियंत्रण
2. प्राकृतिक आपदाओं को कम करने के लिये निरंतर संरक्षण प्रक्रिया को अपनाना
3. पर्यावरण को हुए नुकसान को दूर कर इसे पुनर्जीवित, संरक्षित करना

5. पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन: इसमें से बिन्दु शामिल रहते हैं:

1. मौजूदा पर्यावरणीय परिस्थितियों का अध्ययन, मूल्यांकन
2. मौजूदा और प्रस्तावित उत्पादन प्रक्रियाओं का मूल्यांकन
3. सिद्धांत और कार्यपद्धतियां
4. मौजूदा और प्रस्तावित योजनाओं के संभावित प्रभाव
5. तकनीक की निरंतर समीक्षा और आवश्यक सुधार

पर्यावरणीय प्रबंधन की तकनीक (Techniques of Environmental Management)

पर्यावरणीय प्रबंधन की दो प्रमुख तकनीक हैं, 1. पर्यावरणीय सूचना तंत्र (Environmental Information System: ENVIS) और 2. रिमोट सेंसिंग व भौगोलिक सूचना तंत्र (Remote

Sensing and Geographical Information System: GIS)। आज के विकसित और वैज्ञानिक दौर में सूचना प्रौद्योगिकी (Information Technology) प्रामाणिक सूचनाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है, जो पर्यावरण के संरक्षण और निरंतर विकास की दिशा में खासी मददगार साबित होती हैं। पर्यावरणीय प्रबंधन प्रक्रिया में उपयोग की जाने वाली कुछ महत्वपूर्ण तकनीकों के बारे में हम विस्तार से जानेंगेः

पर्यावरणीय सूचना तंत्र (Environmental Information System: ENVIS): दिसंबर 1982 में भारत सरकार ने वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं आदि को पर्यावरण संबंधी आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने के मकसद से पर्यावरणीय सूचना तंत्र की स्थापना की। तब से अब तक देशभर में वृहद पर्यावरणीय अध्ययन के लिये ऐसे 25 केंद्र प्रारंभ हो चुके हैं। पर्यावरणीय सूचना तंत्र केंद्र प्रदूषण नियंत्रण, विषैले रसायनों, केंद्रीय एवं तटीय पारिस्थितिकी, हरित तकनीक, कचरा निस्तारण और पर्यावरणीय प्रबंधन की दिशा में काम करते हैं। ये केंद्र पर्यावरणीय सूचनाओं के संकलन, संग्रहण, प्रसार और इनके माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण का काम करते हैं।

रिमोट सेंसिंग व भौगोलिक सूचना तंत्र (Remote Sensing and Geographical Information System: GIS): यह तकनीक प्राकृतिक संसाधनों के अध्ययन और प्रबंधन में मददगार है। इस तकनीक की मदद से जलवायु परिवर्तन को चिह्नित कर पाना संभव होता है और इसके जरिये प्राकृतिक आपदाओं समेत विभिन्न प्रकार के नुकसानों को कम करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाये जा सकते हैं। भारत में क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विकासपरक गतिविधियों में रिमोट सेंसिंग तकनीक का व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा है। मुख्य उपलब्धियों के तौर पर देखें तो संसाधनों के मानचित्रीकरण, निगरानी और प्रबंधन अहम हैं। इसके अलावा बाढ़, चक्रवात, सूखा आदि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान इसकी मदद से राहत कार्यों को बेहतर क्षमता और सुलभता से किया जा सकता है।

7.3.1: भूमि प्रबंधन (Land Management)

भूमि प्रबंधन का तात्पर्य भूमि संसाधनों के उपयोग और निंतर विकास के प्रबंधन से है। भूमि का उपयोग एक से अधिक अथवा एक–दूसरे से जुड़े विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिये किया जा सकता है। ऐसे में भूमि उपयोग के एकीकृत प्रबंधन और योजना की आवश्यकता होती है, जो आर्थिक विकास के नकारात्मक प्रभाव से पर्यावरण को बचाये रखे। यह ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भूमि संसाधनों के उपयोग के प्रबंधन और विकास की प्रक्रिया है। यहां भूमि का उपयोग कृषि, वनीकरण, जल संसाधन प्रबंधन, ईको–टूरिज्म समेत विभिन्न उद्देश्यों से किया जा सकता है। भूमि का क्षमता से अधिक अथवा गलत तरीके से किया जाने वाला दोहन उत्पादन क्षमता को घटा सकता है और प्राकृतिक संतुलन भी बिगड़ सकता है।

Figure 4.

पृथ्वी पर सभ्यता की शुरुआत से ही भूमि और जल जीवनचर्या के सबसे बुनियादी तत्व रहे हैं। धरती की सभी महान सभ्यताएं उन स्थानों पर पनपीं जहां इन संसाधनों की प्रचुर मात्रा उपलब्ध थी और इन सभ्यताओं का नाश भी इन संसाधनों में निरंतर गिरावट और विलुप्ति के चलते हुआ। मौजूदा दौर में भूमि पर विकास का दबाव लगातार बढ़ता गया है। इसके बावजूद यह मानव समुदाय के अस्तित्व में मददगार है। चिंताजनक स्थिति यह है कि विभिन्न कारणों से इस प्राचीन संसाधन का अंधाधुंध दोहन लगातार बढ़ता जा रहा है।

Figure 5.



भूमि कृषि उत्पादन के लिये पर्यावरण उपलब्ध कराने के अलावा ग्रीन हाउस गैसों के स्रोतों को कम करने, पोषक तत्वों के पुनर्चक्र, प्रदूषक तत्वों के शोधन और सुधार और जलमंडल के एक कारक के तौर पर पानी

के शुद्धिकरण का भी काम करती है, जो बेहतर पर्यावरणीय प्रबंधन के लिहाज से आवश्यक भी है। सतत भूमि प्रबंधन (Sustainable Land Management: SLM) का मकसद भूमि संसाधनों (मिट्टी, जल एवं हवा) की गुणवत्ता को अक्षुण्ण रखते हुए इनके पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक आवश्यकताओं के लिहाज से उपभोग को सुनिश्चित करना एवं वर्तमान और भविष्य के दृष्टिगत संरक्षण है (Smyth and Dumanski, 1993)। सतत भूमि प्रबंधन का अर्थ मानव समुदाय की कृषि, वानिकी और संरक्षण के लिहाज से लगातार बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप भूमि की व्यवस्था और इसके जरिये लंबे समय तक भूमि के सामाजिक–आर्थिक एवं पारिस्थितिकी कारक के तौर पर उपयोग को सुनिश्चित करना है। सतत कृषि विकास, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और सतत भूमि प्रबंधन को बढ़ावा देना विश्व बैंक के ग्रामीण निवेश कार्यक्रम From Vision to Action (World Bank, 1997) का मूल उद्देश्य है।

सतत भूमि प्रबंधन (Sustainable Land Management: SLM)

सतत भूमि प्रबंधन की प्रक्रिया तकनीकों, नीतियों और गतिविधियों का वह समूह है जो पर्यावरणीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सामाजिक–आर्थिक सिद्धांतों का लक्ष्य रखता है। ऐसे में इस प्रक्रिया में यह आवश्यक होता है:

1. उत्पादन में बढ़ावा और इसकी निरंतरता बनाये रखना आर्थिक (Productivity)
2. उत्पादन जोखिम के स्तर को कम करना और भूमि अवक्रमण (Land Degradation) की स्थिति में भी मिट्टी की क्षमता को बनाये रखना (Stability/ Resilience)
3. प्राकृतिक संसाधनों की क्षमताओं का संरक्षण करना और पानी व जल की गुणवत्ता का संरक्षण (Protection)
4. आर्थिक तौर पर व्यावहारिक बनना (Viability)
5. सामाजिक तौर पर स्वीकार्यता और भूमि प्रबंधन के सुधारीकरण से होने वाले लाभ तक समाज की आसान पहुंच सुनिश्चित करना (Acceptability/ Equity)

पर्यावरण में सततता–निरंतरता बनाये रखने के लिये प्रबंधकीय रणनीति (Management Strategy) तैयार करना, समझना और लागू करना आवश्यक हो जाता है। यंग (Young) ने भूमि प्रबंधन के विषय में निम्न बिंदुओं पर जोर दिया है:

1. पारिस्थितिकी तंत्र (Ecosystem), जल, मिट्टी समेत प्रकृति की प्रक्रिया को समझना आवश्यक है
2. स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ही क्षेत्रविशेष के लिये प्रबंधन की उचित व्यवस्था
3. स्थानीय लोगों (जिन्हें पर्याप्त जानकारी हो और वे कुशल हों) और वैज्ञानिकों (जिनके पास विषयसम्मत ज्ञान और संसाधन हों) के बीच बेहतर समन्वय की स्थापना

डेल (Dale) और अन्य ने वर्ष 2000 में जो अध्ययन किया, वह बताता है कि भूमि प्रबंधन के लिये पांच मूलभूत एवं सहायक पारिस्थितिकीय सिद्धांत हैं। ये सिद्धांत समय, स्थान, प्रजातियों, बाधाओं और प्राकृतिक स्थल या भूदृश्य (Time, Place, Species, Disturbances and Landscape) पर आधारित हैं, जिनका परस्पर जुड़ाव बना रहता है। ऐसे में भूमि प्रबंधन प्रक्रिया में वे इस गाइडलाइन के अनुसरण का सुझाव देते हैं:

1. किसी क्षेत्र के सन्दर्भ में स्थानीय निर्णयों के असर का परीक्षण करना और प्राकृतिक संसाधनों पर इसके प्रभाव को समझना
2. दीर्घकालिक परिवर्तनों एवं अप्रत्याशित घटनाओं की योजना तैयार करना
3. दुर्लभ प्राकृतिक स्थलों, तत्वों एवं इनसे जुड़ी प्रजातियों का संरक्षण
4. ऐसे भू उपयोग से बचना, जो प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाता हो
5. महत्वपूर्ण प्राकृतिक आवासस्थलों वाले विस्तृत सम्मिलित क्षेत्रों को बनाए रखना
6. क्षेत्रविशेष में बाहरी (Non native) प्रजातियों की मौजूदगी और विस्तार को कम करना
7. पारिस्थितिकी तंत्र पर विकास प्रक्रिया की वजह से होने वाले नुकसान की भरपाई करना और जहां तक संभव हो तंत्र को अक्षुण्ण बनाये रखना
8. क्षेत्रविशेष के लिये ऐसा भूमि प्रबंधन तंत्र विकसित करना और इसे लागू करना, जो वहां के प्राकृतिक क्षमताओं के अनुरूप हो

7.3.2: जल प्रबंधन (Water Management)

जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जीवन का विकास भी जल में ही संभव हुआ। जीवों की विभिन्न प्रजातियों के जन्म और विकास में जल का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। जीवों के शरीर में भी 65 प्रतिशत पानी रहता है, जबकि पौधों में यह प्रतिशतता 65 से 99 प्रतिशत तक रहती है। यह स्पष्ट करता है कि जीवन के लिये जल कितना जरूरी और उपयोगी है। प्रकृति के दिये इस तोहफे को विभिन्न कार्यों के लिये उपयोग किया जाता है। विकास प्रक्रिया के लिये भी जल महत्वपूर्ण कारक है। भारत के लिहाज से बात करें तो यहां पेयजल की उपलब्धता और उपयोगिता बेहद सीमित है। भौगोलिक असमान वितरण इसकी बड़ी वजह है। परेशानी का एक मसला यह भी है कि जल की गुणवत्ता विभिन्न कारणों से दिनबदिन घटती जा रही है, जो हम सबके लिये चिंता का विषय है। जल की मांग और वितरण व्यवस्था के बीच समन्वय के अलावा यह भी जरूरी हो गया है कि विभिन्न जलस्रोतों के बीच संतुलन बनाकर रखा जाये। इस तरह आज जल संसाधनों का संरक्षण अनिवार्य हो गया है।

जल प्रकृति का सर्वाधिक मूल्यवान संसाधन है। यह अक्षय (Renewable) और अपार (Inexhaustible) तो है, लेकिन मौजूदा दौर में जल संसाधन को लेकर कई चुनौतियां भी बढ़ गयी हैं। पानी की मांग लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि इसकी उपलब्धता और वितरण घट रहे हैं। वैश्विक सन्दर्भ में भारत के

जल संसाधन पर नजर डालें तो साफ होता है कि यहां दुनिया की 16 फीसदी आबादी रह रही है, जबकि विश्व का महज चार प्रतिशत ही जल संसाधन यहां उपलब्ध है। यह स्पष्ट करता है कि भारत प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता कितनी कम है। सिंचित क्षेत्र के लिहाज से भारत का दुनिया में पहला स्थान है, लेकिन देश का करीब 1/8 हिस्सा बाढ़ प्रभावित है, जबकि 1/6 भूभाग सूखा प्रभावित। इसका एक बड़ा कारण मानसून की प्रकृति भी है। लगातार बढ़ रही आबादी के लिये भारी मात्रा में अनाज और अन्य कृषि उत्पादनों की आवश्यकता है। इस वजह से फसलों की सिंचाई के लिये जल का उपभोग भी बढ़ रहा है। दूसरी ओर, शहरों में तेज गति से हो रहे शहरीकरण, औद्योगीकरण और आधुनिकीकरण के चलते भी पानी की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके अलावा सीवरेज और कचरा निस्तारण के लिये भी जल के उपयोग, उपभोग और मांग बढ़ी है। दुनियाभर में जल संसाधनों पर दबाव बढ़ा है। नदियां, झीलें और भूमिगत जलवाही स्तर (Aquifers) सिंचाई, पेयजल, सफाई आदि कार्यों के लिये ताजे जल को उपलब्ध कराते हैं, जबकि सागर–महासागर पृथ्वी की खाद्य श्रृंखला के बड़े हिस्से का वासस्थल हैं। कृषिभूमि का विस्तार, बांध, जलप्रवाह में परिवर्तन, अंधाधुंध दोहन और प्रदूषण जैसी समस्याएं दुनियाभर में इस अक्षय स्रोत के लिये बड़ी बाधा बन गये हैं।

जल के स्रोत (Sources of Water)

जल के चार प्रमुख स्रोत हैं, 1. सतही जल (Surface Water), 2. भूमिगत जल (Underground Water), 3. वायुमंडलीय जल (Atmospheric Water) और 4. समुद्री जल (Oceanic Water)

1. **सतही जल (Surface Water):** भूमि की सतह पर पाया जाने वाला जल सतही जल कहलाता है। सतही जल का मुख्य स्रोत वर्षाचक्र (Precipitation) है। वर्षाजल का करीब 20 प्रतिशत हिस्सा वाष्पीकृत हो जाता है और फिर पर्यावरण में मिल जाता है। बड़ा हिस्सा बहते हुए भूमिगत हो जाता है। सतही जल की बड़ी मात्रा नदियों, तालाबों, झीलों, नालों में मिलती है। बचा हुआ जल समुद्र में जाकर मिल जाता है। भारत के परिप्रेक्ष्य में कुल सतही जल का करीब दो तिहाई हिस्सा सिर्फ तीन नदियों सिन्धु, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों में बहता है। भारत में बनाये गये बांधों–जलाशयों में जल संग्रहण की कुल क्षमता 1740 अरब घन मीटर है। स्वतंत्रता के समय यह क्षमता सिर्फ 180 अरब घन मीटर थी। यानी अब भारत में जल संग्रहण की क्षमता दस गुना तक बढ़ गयी है

2. **भूमिगत जल (Underground Water):** वर्षाजल रिसकर भूमि के भीतर चला जाता है, जिसे भूमिगत जल कहा जाता है। सतह पर बहने वाला पानी भी बड़ी मात्रा में रिसकर भूमिगत हो जाता है। इन दोनों वजहों से जमीन के भीतर पानी की भारी मात्रा उपलब्ध रहती है। केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड के अनुसार भारत में 1994–95 में भूमिगत जल की मात्रा 4310 अरब घन मीटर प्रतिवर्ष थी, जिसमें से 3960 अरब घन मीटर जल उपयोग के लिये उपलब्ध रहता है। हालांकि, भूमिगत जल का वितरण सभी जगह समान नहीं रहता है। भूमिगत जल की उपलब्धता किसी क्षेत्र में वर्षा की मात्रा, प्रकृति, भूमि की प्रकृति और वहां मौजूद ढलान पर निर्भर करती है। भारी वर्षा वाले वे क्षेत्र, जहां झरझरी चट्टानें और भूमि (Porous Rocks and Land) हों, में वर्षाजल आसानी से

जमीन में समा जाता है। ऐसे क्षेत्रों में भूमिगत जल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होता है। वहीं, राजस्थान जैसे क्षेत्रों में, जहां जमीन रेतीली और झरझरी होती है, भूमिगत जल की मात्रा बेहद कम है, क्योंकि वहां वर्षा कम होती है। देश के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में ढलवा जमीन (Sloppy Land) के चलते परिस्थितियां बहुत अधिक वर्षा होने के बावजूद वर्षाजल के भूमिगत हो पाने के अनुकूल नहीं होतीं। यही वजह है कि इन क्षेत्रों में भी भूमिगत जल बेहद कम मात्रा में मिलता है, वह भी बहुत अधिक गहराई पर। गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों के मैदानी क्षेत्रों और देश के तटवर्ती इलाकों में भूमिगत जल की उपलब्धता सर्वाधिक पायी जाती है। प्रायद्वीपीय पठार (Peninsular Plateau), हिमालयी क्षेत्र (Himalayan Region) और रेगिस्तानी क्षेत्र (Desert) में भूमिगत पानी की सबसे कम मात्रा मिलती है।

Figure6.



भूमिगत जलक्षमता का उपयोगः जिन क्षेत्रों में वर्षा कम होती है, वहां भूमिगत जल का बड़ी मात्रा में उपयोग किया जाता है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ भारत के ऐसे ही राज्य हैं। ऐसे में इन राज्यों में भूमिगत जल के संसाधनों को बढ़ाने की खासी जरूरत है।

जल संरक्षण के तरीके (Methods of Water Conservation)

Figure 7.



जहां जल नहीं है, वहां जीवन भी नहीं हो सकता। इसीलिये जल का संरक्षण किया जाना बेहद आवश्यक है। अन्यथा आने वाली पीढ़ियों को जलसंकट की बड़ी समस्या से जूझना पड़ सकता है। इस काम में व्यक्तिगत, सामाजिक और सरकार के स्तर पर आवश्यक कदम उठाये जाने की जरूरत है। जल संरक्षण के लिये निम्न तरीकों पर काम किया जा सकता है:

1. नदियों पर बांधों और जलाशयों का निर्माण किया जाना चाहिये, ताकि नदियों का पानी समुद्र में बहकर नष्ट न हो जाये
2. नदियों के पानी को शहरी कचरे और प्रदूषण से हर हाल में बचाना जरूरी है
3. बाढ़ नियंत्रण के लिये गंभीर प्रयासों की जरूरत है
4. जल का सीमित और उचित रूप से उपयोग किया जाना चाहिये
5. जल संरक्षण के लिये जनजागरूकता अभियान की जरूरत
6. जल संरक्षण से जुड़ी हर गतिविधि में आम लोगों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर प्रभावी प्रबंधन की जरूरत है
7. पेयजल का इस्तेमाल बागवानी, वाहनों को धोने और घरों की साफ–सफाई में नहीं किया जाये

8. जलाशयों को प्रदूषण से बचाने की जरूरत
9. पेयजल सप्लाई व्यवस्था के तहत टूटी हुई पाइपलाइनों की तत्काल मरम्मत
10. जल की हर बूंद अमूल्य है, यह संदेश लोगों के बीच प्रसारित किया जाना चाहिये
11. ऐसी फसलों के उत्पादन को कम करना चाहिये, जिनकी सिंचाई के लिये अधिक पानी की जरूरत होती है
12. वनीकरण पर विशेष जोर दिया जाना चाहिये

7.3.3: वन प्रबंधन (Forest Management)

वन प्रबंधन वानिकी की एक शाखा है, जिसमें प्रशासनिक, आर्थिक, कानूनी, सामाजिक के साथ वैज्ञानिक–तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए वन संवर्द्धन, संरक्षण और वनीय नियमितीकरण का अध्ययन किया जाता है। इसके तहत जल, वानिकी, वन्यजीव, मनोरंजन, लकड़ी उत्पाद, वन संसाधन, मत्स्य, सौंदर्य, शहरी आवश्यकताओं आदि का प्रबंधन किया जाता है। प्रबंधन संरक्षण अथवा अर्थशास्त्र आधारित हो सकता है अथवा दोनों के मेल पर भी यह किया जा सकता है। तकनीक का उपयोग लकड़ी उत्पादन, पौधरोपण, विभिन्न प्रजातियों के पौधों के पुनः रोपण, जंगलों के बीच सड़क निर्माण, आग पर काबू पाने आदि में किया जाता है।

सतत वन प्रबंधन (Sustainable Forset Management)

देश के वन संसाधनों पर बीते कुछ दशकों में बढ़ते दबाव ने वनों के आसपास रहने वाले निर्धन और वनाधारित जनजातियों की जीवनचर्या पर खासा नकारात्मक असर डाला है। वन संसाधन किसी भी देश की समृद्धि और समुदाय के लिये बहुत आवश्यक तत्व हैं। जैवविविधता के संरक्षण, वैश्विक कार्बन अवशोषण जैसे लाभों के अलावा भी वे मानव समुदाय को कई तरह से लाभान्वित करते हैं और भविष्य के लिये हमेशा संसाधन उपलब्ध कराने का जरिया बने रहते हैं। गरीब हो चाहे अमीर, सभी प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से वन संसाधनों पर निर्भर रहते हैं और भारत समेत विभिन्न विकासशील देशों में वानिकी ग्रामीण निर्धनता के उन्मूलन एवं सतत विकास में मददगार बन रही है। भारत के वर्तमान वन संसाधनों पर अत्यधिक दबाव है। दुनिया के कुल भौगोलिक क्षेत्र का सिर्फ ढाई प्रतिशत एवं उसमें भी दुनिया के कुल वन क्षेत्र का महज 1.85 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद भारत की आबादी दुनिया की कुल जनसंख्या का 17 प्रतिशत है। इतना ही नहीं, भारत में दुनियाभर के पशुधन का भी 18 फीसदी हिस्सा रहता है। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है कि वनाधारित समुदायों एवं जैवविविधता के संरक्षण के लिहाज से वनों को संरक्षित करने के साथ वहां सतत प्रबंधन भी किया जाये। हाल में, जनजागरूकता में बढ़ोतरी एवं दुनियाभर में हुए समझौतों, सम्मेलनों के बाद यह एक अभियान सा बन गया है कि अब सिर्फ उन्हीं वन उत्पादों को स्वीकार किया जाने लगा है, जो सतत वन प्रबंधन प्रक्रिया से जुड़े जंगलों में उत्पन्न हुए हों। इसके चलते बाजार आधारित एक तंत्र भी विकसित हुआ है जो सतत वन प्रबंधन को सहारा देता है। किसी उत्पाद के प्रमाणीकरण (Certification) और ईको लेबलिंग (Eco-labelling) से एक ओर उसका दाम बढ़ जाता है, दूसरी ओर यह सतत वन

प्रबंधन को भी प्रोत्साहित करता है। इससे सतत वन प्रबंधन के लिये मापदंड और सूचक भी तैयार हुए हैं। मिसाल के लिये लकड़ी की सतत प्राप्ति के लिये सतत वन प्रबंधन आवश्यक हो जाता है, जो स्वतः वन प्रबंधन के पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक पहलुओं पर केन्द्रित होता जाता है। सतत प्राप्ति का यह सिद्धांत वनों के आधुनिक प्रबंधन की शुरुआत से ही वन प्रबंधन का मुख्य फोकस माना जाता है। यही आधुनिक, व्यवस्थित वानिकी का मूल भी है।

वन प्रबंधन से जुड़े स्थानीय और वैश्विक मसलों के समाधान के लिये वैज्ञानिक ज्ञान की आवश्यकता होती है जो नीति निर्माण के लिये तकनीकी आधार उपलब्ध कराता है। सतत वन प्रबंधन को समझाने, परिभाषित और मूल्यांकन करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण मानकों को लागू करने प्रयोग किये गये हैं। इनमें जीवनचक्र मूल्यांकन, मूल्य–लाभ विश्लेषण, ज्ञानाधारित व्यवस्था और पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन आदि शामिल हैं। मापदंड एवं सूचक (Criteria and Indicator) सिद्धांत दुनियाभर में स्वीकृत किया गया है और व्यावहारिक प्रयोग के लिये इसमें निरंतर संशोधन के लिये अत्यधिक काम हुआ है। वर्षों से उपयोगी यह सिद्धांत वन संसाधनों के मूल्यांकन, निगरानी एवं सततता के विश्लेषण के लिये सक्षम माना जाता रहा है। वर्तमान में 160 देश इसी सिद्धांत के आधार पर सतत वन प्रबंधन के ऐसे नौ क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विकास योजनाओं से संबद्ध हैं, जो विभिन्न वानिकी परिस्थितियों से जुड़े हुए हैं। मानक एवं सूचक सिद्धांत किसी वानिकी परिस्थिति में परिवर्तन और परिमाण के मूल्यांकन में मदद करता है, जिससे वन प्रबंधकों को वह हर महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है, जिसके जरिये वे वन संसाधनों के संबंध में जरूरी फैसले ले सकें।

इस सिद्धांत से विभिन्न देशों को वैज्ञानिक अध्ययन आधारित जानकारी जुटाने, संग्रहीत करने, वनों–वानिकी परिस्थितियों के मूल्यांकन में मदद मिली है। मापदंड (Criteria) अनिवार्य तत्वों को परिभाषित एवं इंगित करने के साथ उन परिस्थितियों एवं प्रक्रियाओं को भी सामने लाता है, जिनके जरिये सतत वन प्रबंधन का मूल्यांकन किया जा सके। मापदंड एवं सूचक सिद्धांत न सिर्फ किसी देश में सतत वन प्रबंधन को स्पष्ट करता है, बल्कि यह वैश्विक मानकों–नीतियों को समझने, निगरानी और विश्लेषण कर पाने का तंत्र भी उपलब्ध कराता है। कास्तानेदा (Castaneda) मापदंड को वन मूल्यों की शृंखला और वन प्रबंधन का वह अनिवार्य तत्व अथवा सिद्धांत मानते हैं, जिसकी मदद से वनों की सततता का मूल्यांकन संभव हो पाता है। वह बताते हैं कि हर मापदंड सततता के किसी न किसी मूलतत्व से जुड़ा हुआ है और यह एक या अधिक सूचकों (Indicators) से प्रदर्शित हो सकता है। यहां सूचक वे मानक हैं, जो मात्रात्मक (Quantitative) और गुणवत्तापरक (Qualitative) विश्लेषण के जरिये सतत वन प्रबंधन की निगरानी में मदद करते हैं।

वन (Forest): किसी वन को सामान्यतः वह क्षेत्र माना जाता है, जहां भारी मात्रा में पेड़ हों। लेकिन, विभिन्न परिभाषाओं के अनुसार पूरी तरह वृक्षविहीन कोई क्षेत्र भी इसलिये जंगल माना जाना चाहिये, क्योंकि पहले कभी वहां पेड़ों की बहुतायत थी अथवा भविष्य में वहां बड़ी मात्रा में पेड़ों को उगाया जा सकता है। आमतौर पर वनों की परिभाषा की तीन श्रेणियां मान्य हैंः प्रशासकीय (Administrative), भूउपयोग (Landuse) एवं भूआच्छादन (Landcover). प्रशासकीय परिभाषाएं मूलतः किसी जमीन की कानूनी पहचान पर आधारित होती हैं और इनका किसी भूभाग पर उगने वाली वनस्पतियों से संबंध लगभग नगण्य रहता है। इस आधार पर कई बार ऐसे क्षेत्रों को, जहां कोई पेड़ नहीं उगता हो, इसलिये वन माना जाता है क्योंकि कानूनी तौर पर उनकी पहचान वन की ही है। भूउपयोग संबंधी परिभाषाएं उस उद्देश्य पर

आधारित होती हैं, जिनकी पूर्ति के लिये भूमि का उपयोग किया जा रहा हो। उदाहरण के लिये, किसी ऐसे क्षेत्र को भी वन माना जा सकता है, जहां लकड़ी उत्पादन ही मूल लक्ष्य हो। भले ही सड़कों, अवस्थापना के विकास, खेती, आग समेत विभिन्न कारणों से वहां कोई पेड़ बाकी न रह गया हो, फिर भी भूउपयोग की परिभाषा के अनुसार उस क्षेत्र को जंगल ही माना जायेगा।

वहीं, भूआच्छादन परिभाषा किसी भूमि पर वनस्पतियों के उगने की सघनता, उनके प्रकार आदि के आधार पर वन को परिभाषित करती है। यह परिभाषा अलग–अलग चरणों में वन को परिभाषित करती है। इन चरणों में किसी क्षेत्र में पेड़ों की सघनता (Density), पेड़ों की सघनता के नीचे उपलब्ध भूमि या पेड़ों के तनों द्वारा घेरी जाने वाली भूमि भी शामिल हैं। इस तरह की परिभाषा के अनुसार किसी भूक्षेत्र को तभी वन माना जा सकता है, जब वहां पेड़ उग रहे हों। कुछ ऐसे क्षेत्र जो इस परिभाषा के मानक में पूरे नहीं होते, उन्हें भी इस लिहाज से वन माना जा सकता है कि वहां अभी पौधे हैं, जो भविष्य में पेड़ बनकर परिभाषा को पूर्ण कर पाएंगे।

भूउपयोग परिभाषा में जंगल (Forest), वुडलैंड (Woodland) एवं चरागाहों (Savanna) का अंतर और इनकी विभाजन रेखा स्पष्ट नजर आती है। कुछ परिभाषाओं के अनुसार वन वे भूक्षेत्र होते हैं, जहां पेड़ों का आच्छादित आवरण (Canopy Cover) 60 से 100 प्रतिशत तक हो। वुडलैंड में यह प्रतिशतता जंगल के मानक से कम होती है। इसी तरह चरागाहों में वृक्षों का आच्छादित आवरण दस प्रतिशत अथवा इससे भी कम होता है। वन वह भूक्षेत्र है, जिसके बड़े हिस्से पर पेड़ होते हैं।

सतत वन प्रबंधन का अर्थ समाज की लकड़ी, भोजन और अन्य जरूरतों के लिये इस तरह जंगलों से लाभ लेना है कि वहां पेड़ों–वनों का संरक्षण होता रहे और जैवविविधता को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। हालांकि, दुनियाभर के कई वन आज भी सतत प्रबंधन प्रक्रिया से जुड़ नहीं सके हैं। कुछ देशों में नियमन, वन नीतियों, सांस्थानिक कार्यशैली का अभाव है तो कुछ के पास इतना धन एवं तकनीकी क्षमता नहीं है कि वे सतत वन प्रबंधन कर सकें। दूसरी ओर, कई देशों में यह भी देखा गया है कि उन्होंने वन प्रबंधन को अपनाया तो है, लेकिन इसे सतत लकड़ी उत्पादन तक ही सीमित कर दिया गया है, जबकि वनों से लकड़ी के अलावा भी कई अन्य उपयोगी उत्पाद एवं सेवाएं उपलब्ध हो सकती हैं।

वन विविध पारिस्थितिकी सेवाओं का माध्यम हैं, जिनमें कार्बन डाई ऑक्साइड को ऑक्सीजन और जैविक उत्पादों में बदलना, कार्बन अवशोषक की तरह काम करना, मौसमचक्र को नियमित–नियंत्रित करना, जल का शुद्धिकरण, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव आदि शामिल हैं। वन लकड़ी के स्रोत और मनोरंजन के साधन भी होते हैं।

Figure 8.



Resource Cycle.

कुछ शोधकर्ता मानते हैं कि वन सिर्फ लाभकारी नहीं होते, बल्कि कुछ मामलों में ये मानव समुदाय को नुकसान भी पहुंचाते हैं। वनों की वजह से आर्थिक बोझ बढ़ सकता है, वन किसी क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को कम कर सकते हैं, इनकी वजह से कृषियोग्य भूमि की कमी के कारण खाद्योत्पादन पर असर पड़ सकता है, जैवविविधता को नुकसान हो सकता है और मनुष्यों व अन्य जीवों के लिये पानी की उपलब्धता भी कम हो सकती है, वे घातक वन्यजीवों के बढ़ने की वजह बन सकते हैं और मनुष्यों व पालतू पशुओं के लिये खतरनाक कई रोग इन जंगलों से पनपने की भी आशंका रहती है।

पारिस्थितिकी वस्तुएं एवं सेवाएं (Ecosystem Goods and Services)	
व्यवस्थागत सेवाएं (Provisioning Services) **1.** भोजन, रेशा एवं ईंधन (Food, Fibre and Fuel) **2.** जैविक संसाधन (Genetic Resources) **3.** जैवरसायन (Biochemical) **4.** ताजा जल (Fresh Water)	**सांस्कृतिक सेवाएं (Cultural Services)** 1. आध्यात्मिक एवं धार्मिक मूल्य (Spiritual and Religious Values) 2. ज्ञान तंत्र (Knowledge System) 3. शिक्षा एवं प्रेरणा (Education and Inspiration) **4.** मनोरंजन एवं सौंदर्य ज्ञान तंत्र (Recreation and Aesthetic Values)
नियमन सेवाएं (Regulating Services) 1. आक्रमणरोधी (Invasion Resistance) 2. शाकाहार, वनस्पतियां (Herbivory) 3. परागन (Pollination) 4. बीज प्रसार (Seed Dispersal) 5. मौसम नियमन (Climate Regulation) 6. कीट नियमन (Pest Regulation)	**सहायक सेवाएं (Supporting Services)** 1. प्राथमिक उत्पादन (Primary Production) 2. वास व्यवस्था (Provision of Habitat) 3. पोषण चक्र (Nutrient Cycle) 4. मृदा गठन (Soil Formation and Retention) 5. वायुमंडलीय ऑक्सीजन का उत्पादन करना (Production of Atmospheric Oxygen)

7. रोग नियमन (Disease Regulation) 8. प्राकृतिक खतरों से बचाव (Natural Hazars Protection) 9. भूक्षरण नियमन (Erosion Regulation) 10. जल शुद्धिकरण (Water Purification)	6. जल चक्र (Water Cycle)

वनों के प्रबंधन को कई बार वानिकी मान लिया जाता है। पिछले कुछ दशकों में वन प्रबंधन के तरीकों में खासा बदलाव आया है, विशेषतः 1980 के बाद इसमें त्वरित परिवर्तन हुए हैं, जिसके बाद अब इसे सतत वन प्रबंधन कहा जाने लगा है। वन पारिस्थितिकी विशेषज्ञ वनों के स्वरूप (Patterns) और विकास (Process) के अध्ययन पर केन्द्रित रहते हैं, जिसका मकसद कारण और प्रभाव (Cause and Effect) संबंधों को स्पष्ट करना होता है। सतत वन प्रबंधन से जुड़े वन विशेषज्ञ पारिस्थितिकीय, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए काम करते हैं और इसमें कई बार स्थानीय समुदायों, हितधारकों से भी जरूरी सुझाव–सलाह लेते हैं।

मानव समुदाय की वजह से दुनियाभर में वनों की मात्रा में खासी गिरावट आई है। मानवजनित इन कारणों में शहरों का विस्तार, पेड़ों का कटान, खेती की जमीन के लिये लगायी जाने वाली आग आदि शामिल हैं। इन सब कारणों से वनों को होने वाले नुकसान और उनके पुनर्विकास से जंगलों के दो प्रकार बन गये हैं। पहला प्राथमिक अथवा मूल वन (Primary or Old growth Forest) और दूसरा द्वितीयक वन (Secondary Forest). आग, पादप रोग, मौसम, जीव प्रजातियों के बीच प्रतिद्वंद्विता, कीट आदि कई प्राकृतिक कारणों से भी वनों का स्वरूप बनता–बिगड़ता रहता है। 1997 में विश्व संसाधन संस्थान **(World Resource Institute)** ने पाया कि दुनियाभर में सिर्फ 20 फीसदी ही मूल वन शेष रह गये हैं। ये वन उन क्षेत्रों में हैं, जो आज तक मानवीय और अन्य हस्तक्षेप से अछूते हैं। विशेष बात यह थी कि इन वनों का 75 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ तीन देशों रूस, ब्राजील एवं कनाडा में पाया गया।

7.4: जनसहयोग एवं जागरूकता (Public Inputs ans Awareness)

वन प्रबंधन समेत प्राकृतिक संसाधन नीतियों को लेकर जनजागरूकता में बढ़ोतरी की जरूरत है। लोगों के लिये अब जंगलों का अर्थ लकड़ी और लकड़ी उत्पादन के जरिये आर्थिकी कमाने की ओर ही नहीं, बल्कि वन संसाधनों, वन्यजीव, जैवविविधता, जलस्रोतों के प्रबंधन और संरक्षण से जोड़े जाने की जरूरत है। पर्यावरणीय जागरूकता से आम लोग जान पायेंगे कि वन प्रबंधन क्यों आवश्यक है और वन प्रबंधन विशेषज्ञ प्रकृति, वनों, पारिस्थितिकी तंत्र, वन संसाधनों को संरक्षित करने के लिये क्या व किस तरह काम करते हैं।

7.5: सन्दर्भ (References)

- "Glossary of Forestry Terms in British Columbia" *(pdf). Ministry of Forests and Range (Canada). March 2008*. Retrieved2009-04-06.
- Classification of Forest Management Approaches: A New Conceptual Framework and Its Applicability to European Forestry Philipp S. Duncker 1, Susana M. Barreiro 2, Geerten M. Hengeveld 3, Torgny Lind 4, William L. Mason 5, Slawomir Ambrozy 6 and Heinrich Spiecker 1|http://www.ecologyandsociety.org/vol17/iss4/art51/.

- Dale, V.H., Brown, S., Hawuber, R.A., Hobbs, N.T., Huntly, Nj., Naiman, R.J., Reibsame, W.E., Turner, M.G. & Valone, T.J. 2000. Ecological guidelines for land use and management, in Dale,V.H. & Hawuber, R.A. (eds). Applying ecological principles to land management, Springer-Verlag, NY.
- GENERAL ARTICLES 996 CURRENT SCIENCE, VOL. 94, NO. 8, 25 APRIL 2008 The authors are in the Indian Institute of Forest Management, P.O. Box 357, Nehru Nagar, Bhopal 462 003, India. *For correspondence. (e-mail: tajbar.india@gmail.com) Sustainable forest management in India Tajbar S. Rawat*, B. L. Menaria, D. Dugaya and P. C. Kotwal.
- http://pib.nic.in/feature/feyr2000/fsep2000/f120920001.html
- http://www.environmentalpollution.in/environmental-management/environmental-management-concept-scope-and-aspects-of-environmental-management/361
- http://www.nos.org/media/documents/316courseE/ch21.pdf
- http://www.yourarticlelibrary.com/environment/meaning-definition-and-components-of-environment/6157/
- https://en.wikipedia.org/wiki/Forest
- https://en.wikipedia.org/wiki/Forest_management
- https://en.wikipedia.org/wiki/Land_management
- Balenović, D. Vuletić, et al. Digital Photogrammetry — State of the Art and Potential for Application in Forest Management in Croatia. SEEFOR. South-East European Forestry. #2, 2011. Pp. 81-93.
- Balenovich, A. Seletkovich, et al. Comparison of Classical Terrestrial and Photogrammetric Method in Creating Management Division. FORMEC. Croatia 2012. P. 1-13.
- Mozgeris, G. (2008) “The continuous field view of representing forest geographically: from cartographic representation towards improved management planning”. S.A.P.I.EN.S. 1 (2).
- Philip Joseph Burton. 2003. Towards sustainable management of the boreal forest 1039 pages.
- *Shindler, Bruce; Lori A. Cramer (January 1999).* "Shifting Public Values for Forest Management: Making Sense of Wicked Problems". *Western Journal of Applied Forestry. Society of American Foresters. 14 (1): 28–34.* ISSN 0885-6095. Retrieved2008-08-25.

- Smyth, A.J. and Dumanski, J. 1993. FESLM: An international framework for evaluating sustainable land management. A discussion paper. World Soil Resources Report 73. Food & Agriculture Organization, Rome, Italy. 74 pp.

- The Value of Hardwood Floors.

- World Bank. 1997. Rural Development. From Vision to Action. ESSD Studies and Monographs Series 12. World Bank, Washington, DC. pp 157.

- *Young, Raymond (1982). Introduction to Forest Science. John Wiley & sons. p. 207.* ISBN 0471064386.